रांची, शुक्रवार | 15 अगस्त 2025 | वर्ष-26, अंक-194, पृष्ठ-16 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 07, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

₹2.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

वीरत्वं त्यागभावश्च धर्मेण राष्ट्ररक्षणं, स्वातंत्र्यं नित्यं पूज्यं भवतु।

वीरा: बलिदानं दत्वा, अस्मान् स्वातंत्र्यं प्रति सदैव बन्धु: भवन्ति।

### शुभकामनाएं

**राष्ट्रीय नवीन मेल** के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, कर्मयोगियों एवं शुभचिंतकों को 'स्वतंत्रता दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**

### आवकाश की सूचना

'स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर **राष्ट्रीय नवीन मेल** कार्यालय 15 अगस्त (शुक्रवार) को बंद रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 17 अगस्त (रविवार) को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटा, 36 की मौत



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना से भारी तबाही मची है। राहत और बचाव कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इस आपदा में अब तक 36 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। **शेष पेज 9 पर**

## केंद्र ने स्वतंत्रता दिवस पर 17 पुलिस अफसरों एवं कर्मियों को दिया सम्मान



वीरता के लिए पांच कर्मियों को सम्मान

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड में उग्रवादी संगठन, संगठित अपराधिक गिरोह एवं अन्य अपराध पर पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही हैं। झारखंड पुलिस द्वारा किए गए वीरतापूर्ण सराहनीय कार्य के लिए स्वतंत्रता दिवस-2025 के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने राज्य पुलिस के कुल 17 पुलिस पदाधिकारी एवां कर्मियों को सम्मानित किया है। इसमें वीरता के लिए 05, विशिष्ट सेवा के लिए 01 एवं सराहनीय सेवा के लिए 11 कर्मियों को सम्मान मिला है। वीरता पुरस्कार से पुअनि विनय कुमार (तत्कालीन), हवलदार प्रमोद कुमार राय (तत्कालीन), आरक्षी वेद प्रकाश महतो, आरक्षी रामचंद्र कुमार महतो एवं आरक्षी कृष्णा मुर्मू को सम्मानित किया गया है। **शेष पेज 9 पर**

### द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को किया संबोधित, कहा

# हमारे लिए संविधान और लोकतंत्र सर्वोपरि

**बोलीं राष्ट्रपति**

यह हमें भारतीय होने के **गौरव का विशेष** स्मरण कराता है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कई बातों का जिक्र किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र को संदेश देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आप सभी को मैं हार्दिक बधाई देती हूं। हम सभी के लिए यह गर्व की बात है कि स्वाधीनता दिवस और गणतंत्र दिवस, सभी भारतीय उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं। ये दिवस हमें भारतीय होने के गौरव का विशेष स्मरण कराते हैं। हमारे लिए, हमारा संविधान और हमारा लोकतंत्र सर्वोपरि है। राष्ट्रपति ने कहा, 15 अगस्त की तारीख, हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है। औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवासियों की अनेक पीढ़ियों ने यह सपना देखा था कि एक दिन देश स्वाधीन होगा। देश के हर हिस्से में रहने वाले लोग विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ फेंकने के लिए व्याकुल थे, लेकिन बलवती आशा का भाव था। आशा का वही भाव, स्वतंत्रता के बाद हमारी प्रगति को ऊर्जा देता रहा है। कल, जब हम अपने तिरंगे को सलामी दे रहे होंगे, तब हम उन सभी स्वाधीनता सेनानियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जिनके बलिदान के बल पर 78 साल पहले, 15 अगस्त के दिन, भारत ने स्वाधीनता हासिल की थी।



विश्व के प्राचीनतम गणराज्यों की धरती रही है भारत भूमि

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत भूमि, विश्व के प्राचीनतम गणराज्यों की धरती रही है। इसे लोकतंत्र की जननी कहना सर्वथा उचित है। हमारे द्वारा अपनाए गए संविधान की आधारशिला पर, हमारे लोकतंत्र का भवन निर्मित हुआ है। हमने लोकतंत्र पर आधारित ऐसी संस्थाओं का निर्माण किया, जिनसे लोकतांत्रिक कार्यशैली को मजबूती मिली। हमारे लिए, हमारा संविधान और हमारा लोकतंत्र सर्वोपरि है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हमने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया। विभाजन के कारण भयावह हिंसा देखी गई और लाखों लोग विस्थापित होने के लिए मजबूर किए गए। आज हम इतिहास की गलतियों के शिकार हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे संविधान में ऐसे चार मूल्यों का उल्लेख है, जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने वाले चार स्तंभ हैं। ये मूल्य हैं, न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता। ये हमारी सभ्यता के ऐसे सिद्धांत हैं, जिन्हें हमने स्वाधीनता संग्राम के दौरान पुनः जीवंत बनाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के साथ भारत, दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में व्याप्त समस्याओं के बावजूद, घरेलू मांग में तेजी से वृद्धि हो रही है। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण बना हुआ है। निर्यात बढ़ रहा है। सभी प्रमुख संकेतक, अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शा रहे हैं।

**शेष पेज 9 पर**



रामगढ़ जिले के नेमरा गांव में दिवंगत शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्धकर्म के 10वें दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों के साथ दिशोम गुरु की आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक विधि विधान से श्राद्ध क्रिया पूरी की।



### अवैध संबंध के शक में पत्नी की जान ली, लगाया धोखा देने का आरोप

# जमशेदपुर में पत्नी की हत्या के बाद खुद ट्रेन से कटकर दी जान

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत नामोटोला में साहेब मुखर्जी (40) नाम के एक व्यक्ति ने अवैध संबंध के शक में अपनी पत्नी शिल्पी मुखर्जी (35) की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद खुद ट्रेन से कटकर जान दे दी। गुरुवार को पुलिस ने दोनों के शव बरामद किए। बताया गया कि शिल्पी मुखर्जी पोटका स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नर्स थी, जबकि साहेब मुखर्जी सुंदरनगर के तुरामडीह माइंस में ठेका कंपनी के तहत कार्यरत था। गुरुवार की सुबह नामोटोला के स्थानीय लोगों ने शिल्पी मुखर्जी का शव उसके घर में पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे से शिल्पी का शव बरामद किया। उसके शरीर पर जगह-जगह धारदार हथियार से वार के निशान थे। पुलिस को मौके से उसके पति साहेब मुखर्जी की ओर से लिखा गया एक नोट और मोबाइल मिला। इसमें उसने लिखा था कि पत्नी ने उसे धोखा दिया है, इसलिए उसकी हत्या कर वह जान देने जा रहा है। इस नोट के आधार पर पुलिस ने साहेब मुखर्जी की तलाश शुरू की, तो उसका शव सुंदरनगर थाना क्षेत्र के नांदुप के पास रेलवे ट्रैक से बरामद किया। साहेब मुखर्जी ने अपने मोबाइल के स्टेटस पर लिखा है कि पत्नी ने उसे धोखा दिया। उसकी पहले ही दो बार शादी हो चुकी थी, लेकिन उसने इसकी जानकारी छुपाई। वह अक्सर किसी विवेक नामक सहकर्मी से वीडियो कॉल पर बात करती थी, जिससे विवाद होता था। साहेब ने यह भी लिखा है कि विवेक के साथ पत्नी की नजदीकियों को लेकर उसने आपत्ति जताई, तो पत्नी के भाई और मां ने जान से मारने की धमकी दी। नोट में उसने लिखा, अगर पत्नी गैर से वीडियो कॉल पर बात करे, तो इससे अच्छा मर जाना है, पर हम अकेले क्यों मरें? हमने विश्वास के साथ शादी की थी, गलत की सजा हम अकेले क्यों भुगतें? उसने अपने वृद्ध माता-पिता के प्रति दुख व्यक्त करते हुए नोट में लिखा है कि सच उन्हें बता दिया जाए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष की एक मिसाल है : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिले के सभी सरकारी एवं सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में गुरुवार को दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसमें जिले के लगभग 2500 विद्यालयों में 12,000 से अधिक शिक्षकों और तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा, दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन सामाजिक न्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष की एक मिसाल है। उनके आदर्शों को अपनाकर हम एक समृद्ध और समावेशी समाज की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

# मुख्यमंत्री ने स्वयं ई-रिक्शा चलाकर 'श्राद्ध कर्म' की तैयारियों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म की तैयारियों का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जायजा लिया। उन्होंने स्वयं ई-रिक्शा चलाकर पूरे आयोजन स्थल का भ्रमण किया और हर पंडाल में जाकर व्यवस्थाओं की बारीकी से निगरानी की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों के लिए सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, टेंट, बैठने की व्यवस्था और शौचालय की पर्याप्त सुविधा सुनिश्चित की जाए, साथ ही यातायात व्यवस्था इस प्रकार बनाई जाए कि किसी को भी दुश्वारी न हो। इस अवसर पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और नेमरा गांव के लोग मौजूद रहे।

# अनमोल है स्वतंत्रता और स्वच्छंदता से बढ़ती है बर्बादी

**इंडिया**



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आज हम सभी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते हैं और जो मन आए करने की इच्छा रखते हैं। घरों में काम करने या पढ़ाई करने के समय सोने या अच्छा खाना खाने को प्राथमिकता देते समय यह नहीं सोचते कि पढ़ाई, नौकरी, व्यवसाय या खेल में श्रेष्ठता के लिए दिन रात एक करने वाले जब हमसे आगे बढ़ जाएंगे तब हमें बुरा लगेगा कि हम उनके जैसा क्यों नहीं कर पा रहे? दूसरी ओर कुछ चालबाज लोग अपनी धूर्तता से दूसरों के अवसरों या अपने लिए सुविधा को पैसे या छल के बल पर छीन लेते हैं और पद या प्रतिष्ठा हड़पने के बाद भी स्वच्छंदता की आदत से बाज नहीं आते। स्वतंत्रता एक अनमोल उपहार है जिसका महत्व आज बहुत से लोग नहीं समझ सकते जो स्वच्छंदता को अपनी जीवन शैली बना रहे हैं। हम स्वतंत्र देश के नागरिक के तौर पर अपने नागरिक अधिकारों का प्रयोग तो कर सकते हैं पर जो चाहे नहीं कर सकते बल्कि सरकार और संविधान में वर्णित नियमों के अंतर्गत ही जैसे ड्राइविंग लाइसेंस हमें भारत में वाहन चलाने की अनुमति देता है पर मनमानी गति से और दूसरों को नुकसान पहुंचा कर नहीं, ठीक वैसे ही जैसे बंदूक का लाइसेंस हमें आत्मरक्षा के लिए मिला हो तो हम उसे जब चाहें जहां चाहें लहरा नहीं सकते या गोली नहीं चला सकते हर्ष फायरिंग नहीं कर सकते । स्वतंत्रता और स्वच्छंदता दो अलग-अलग अवधारणाएं हैं, हालांकि वे कभी-कभी भ्रमित हो जाती हैं। स्वतंत्रता का अर्थ है, किसी भी प्रकार की बाधा या नियंत्रण के बिना कार्य करने या निर्णय लेने की क्षमता, जबकि स्वच्छंदता, बिना किसी सीमा या नियंत्रण के कार्य करने की स्थिति है। दूसरे शब्दों में, स्वतंत्रता एक सकारात्मक अवधारणा है जो आत्म-नियंत्रण और जिम्मेदारी पर जोर देती है, जबकि स्वच्छंदता एक नकारात्मक अवधारणा है जो अनैतिकता और अराजकता को बढ़ावा देती है। स्वतंत्रता का अर्थ है, अपने जीवन को अपने तरीके से जीने की क्षमता, लेकिन दूसरों के अधिकारों और सीमाओं का सम्मान करते हुए।यह आत्म-नियंत्रण और जिम्मेदारी की भावना के साथ आती है। स्वतंत्रता में, व्यक्ति अपने कार्यों के परिणामों के लिए जिम्मेदार होता है। यह एक सामाजिक रूप से स्वीकार्य व्यवहार है जो समाज के नियमों और कानूनों का पालन करता है। स्वच्छंदता का अर्थ है, बिना किसी सीमा या नियंत्रण के कार्य करना, जो अक्सर अनैतिक और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य होता है। इसमें आत्म-नियंत्रण और जिम्मेदारी की कमी होती है।स्वच्छंदता में, व्यक्ति अपने कार्यों के परिणामों के लिए जिम्मेदार नहीं होता है। यह एक सामाजिक रूप से अस्वीकार्य व्यवहार है जो समाज के नियमों और कानूनों का उल्लंघन करता है। एक व्यक्ति को अपनी बात कहने की स्वतंत्रता है, लेकिन उसे दूसरों को गाली देने या धमकाने की स्वतंत्रता नहीं है। इसी तरह, एक व्यक्ति को अपनी संपत्ति का उपयोग करने की स्वतंत्रता है, लेकिन उसे दूसरों की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या चोरी करने की स्वतंत्रता नहीं है। जातीय, धार्मिक और जनसंख्या के बलबूते मजबूत होती राजनीति में अहंकार जनित स्वच्छंदता बढ़ती जा रही है जिसमें खाद पानी समर्थक डालते हैं क्योंकि उनके स्वार्थ की भी डोर उसी से बंधी होती है। स्वतंत्रता एक सकारात्मक अवधारणा है जो आत्म-नियंत्रण और जिम्मेदारी पर जोर देती है, जबकि स्वच्छंदता एक नकारात्मक अवधारणा है जो अनैतिकता और अराजकता को बढ़ावा देती है। हमें संविधान ने जीवन शिक्षा धर्म और विचारों की अभिव्यक्ति दी है पर हम सारी सीमाएं लांघ नहीं सकते और अपने धर्म जाति या श्रेष्ठता के लिए दूसरों की स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकते का जबकि ऐसी प्रवृत्ति ही अशांति फैला रही है।



एआई जेनरेटेड






### राज्य के सभी 35000 सरकारी विद्यालयों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## 32 लाख छात्र-छात्राओं ने दी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददता**



**रांची।** गुरुवार को झारखंड राज्य के सभी 35,000 सरकारी विद्यालयों पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद "दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन" के स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के निर्देशानुसार किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी के संघर्षशील जीवन और समाजहित में दिए गए अतुलनीय योगदान से अवगत कराना था। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के 1 लाख से अधिक शिक्षक, 32 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं के अलावा समुदाय से दो लाख से अधिक आम लोग, एसएमसी सदस्य और अभिभावक शामिल हुए। विद्यालयों में प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा स्वर्गीय 'दिशोम गुरु' के जीवन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उनके सामाजिक न्याय, आदिवासी अधिकारों की रक्षा, भूमि सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।विद्यालयों में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि वे दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन के दिखाए मार्ग पर चलते हुए जीवन में सत्य, न्याय और समाज सेवा के मूल्यों को आत्मसात करेंगे, और एक जागरूक, उत्तरदायी नागरिक के रूप में राष्ट्र और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देंगे। श्रद्धांजलि सभा के बारे में विभागीय सचिव श्री उमाशंकर सिंह ने बताया कि दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन जी का जीवन न केवल राजनीतिक रूप से प्रेरणादायी था, बल्कि उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन में झारखंडी अस्मिता, संस्कृति और आदिवासी समाज की उन्नति के लिए संघर्ष किया।

उनके विचार आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं को सत्य, सेवा, संघर्ष और समर्पण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।




# शिक्षकों व बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा भारत माता के लगे जयकारे

**मांडर।** प्रखण्ड के कंदरी मोड़ स्थित गुरुवार को दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल के द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से निकलकर मांडर के गांव से होते हुए विद्यालय परिसर तक निकाला गया जिसमें विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य डॉ राजेश दत्त, सचिव संगीता सिंह,उप प्राचार्य एडवर्ड लुगुण, रेहाना खातून,शिक्षक गण संजय कुमार, शिव भजन, राजेंद्र, कुंदन, हेमलता,वंदना, जया डे, अतुल तथा अन्य शिक्षकों के साथ कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चे शामिल हुए इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य यह था की स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना समाज को देते हुए राष्ट्र के लिए समर्पित होकर ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने एवं छात्र जीवन के साथ सामाजिक जीवन में देश के लिए समय निकालने का संदेश दिया गया।














सुभाष साहु
राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन, सिमडेगा जिलाध्यक्ष सह समाजिक कार्यकर्ता, जलडेगा सिमडेगा।


मार्ग्रेट बा पिंकी
प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह प्रभारी (झारखंड)


मुकेश श्रीवास्तव
भाजपा जिला महामंत्री सिमडेगा


चन्दन कुमार सिंह
अध्यक्ष - सिमडेगा जिला युवा कांग्रेस


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
फा0 अनिल बाड़ा
प्रधानाध्यापक आर सी प्राथमिक विद्यालय, भीतबुना


आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर
आप सभी जिलावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री भूषण बाड़ा
माननीय विधायक, सिमडेगा
संतोष कुमार सिंह


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ख्रीस्तधानी लकड़ा
केरया मुखिया पंचायत केरया प्रखंड, ठेठईटांगर


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पीडीएस डीलर संघ सिमडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सोमनाथ उरांव
प्रधानाध्यापक पीएमश्री एस एस +2 हाई स्कूल जलडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनिल कंडुलना
जिलाध्यक्ष झामुमो, सिमडेगा
शफीक खान
जिला सचिव झामुमो, सिमडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अमित डुंगडुंग
जिला सांसद प्रतिनिधि सिमडेगा
कालीचरण मुंडा
सांसद खूंटी लोकसभा क्षेत्र


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
फादर राजेन सोरेंग
प्रधानाध्यापक आरसी हाई स्कूल पतिअम्बा, जलडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
फादर जेवियर तोपनो
आर सी मध्य विद्यालय पतिअम्बा, जलडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शाहजहां खान
समाजिक कार्यकर्ता ओड़गा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कमरुद्दीन खान
सामाजिक कार्यकर्ता ओड़गा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
त्रिलोक साहू
सामाजिक कार्यकर्ता जलडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुजीत नाथ
जिला कोषाध्यक्ष झारखंड पार्टी


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मोतीलाल ओहदार
भाजपा प्रखंड अध्यक्ष जलडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विक्रम सिंह
बीपीओ मनरेगा प्रखण्ड बांसजोर


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एमानुएल जयबिरस लकड़ा
प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बांसजोर


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अशोक बड़ाइक बैंक मित्र
बैंक आफ इंडिया, जलडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डा0 प्रवीण कुमार
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जलडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपक लकड़ा
कोनपाला पंचायत पूर्व उप मुखिया सह समाजसेवी, सिमडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ मनोरंजन कुमार
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शिवशंकर बेरा
प्राचार्य कलकत्ता चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय लचरागढ़ कोलेबिरा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अलेक्जेंडर कुल्लू
फादर प्रचार्य आरसीएम स्कूल बांकी


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
फादर अजित केरकेट्टा
जनता उच्च विद्यालय जितुटोली, बानो


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रुपेश बड़ाइक
नागपुरी युवा लोक गायक


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जगदीश बागे
अध्यक्ष ऑल चर्चेस कमेटी बानो-कोलेबिरा-जलडेगा सह झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष बानो


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नामजन जोजो
मुखिया, जमतई पंचायत प्रखंड, बानो


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
चुड़ामनी यादव
अनुपम फ्यूल सेंटर, बानो


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
क्लेमेंट लकड़ा
प्राचार्य फादर संत डोमिनिक इंटर कॉलेज लचरागढ़ कोलेबिरा


79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बसंत साहू
समाजसेवी कोम्बाकेरा लचरागढ़ कोलेबिरा

ADITYA BIRLA

HINDALCO

WITH BEST COMPLIMENTS FROM

HINDALCO INDUSTREIS LIMITED
MURI WORKS: CHOTA MURI
DISTRICT: RANCHI, JHARKHAND

CCL
Fuelling Sustainable Growth

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
भारत सरकार का एक उपक्रम/ कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी
दरभंगा हाउस, रांची - 834001 (झारखंड)

स्वतंत्रता का सम्मान,
नए भविष्य का निर्माण

बीओआई
राँची अंचल

आप सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पीएमजेडीवाई | पीएमएसबीवाई | पीएमजेजेबीवाई | अटल पेंशन योजना एपीवाई | रि-केवाईसी

आसान डिजिटल बैंकिंग के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

टोल फ्री न.: 1800 220 229 / 1800 103 1906 | देखें : www.bankofindia.co.in | पर फॉलो करें

बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमापूँजी

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। स्वस्थ ही जीवन है। वंदे मातरम

डॉ ए. सी. प्रकाश
स्वर्णरेखा अस्पताल
टाटीसिलवे रांची।

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक मंगलकामनाएं। बिजली बचा कर देश के विकास में सहयोग प्रदान करें। जय हिंद जय भारत

राजेश कुमार मंडल
कार्यपालक अभियंता
जेबीवीएनएल कुसई कालोनी
रांची झारखंड।

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। बिजली बचत देश का विकास। जय हिंद जय भारत

प्रभात कुमार श्रीवास्तव
महाप्रबंधक
जेबीवीएनएल मुख्यालय
रांची झारखंड।

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। समय पर भुगतान कर हमें अपना सहयोग दें। भारत माता की जय

मनमोहन कुमार
महाप्रबंधक
तकनीकी जेबीवीएनएल कुसई कालोनी रांची, झारखंड।

## शुभकामना संदेश

झारखंड सहित समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

15 अगस्त 1947 के दिन तिरंगे को सलामी देते हुए लम्बी पराधीनता को परास्त कर भारत एक स्वतंत्र देश के रूप में स्थापित हुआ था। जिसे याद कर आज हम अपनी आजादी के 78वाँ वर्षगांठ मना रहे हैं।

कष्ट और वेदना से भरे दो सौ साल की औपनिवेशिक काल में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध अनवरत लड़ी गई राजनैतिक और वैचारिक लड़ाई जिसे स्वतंत्रता सेनानियों ने ब्रिटिश हुकुमत द्वारा स्थापित, सदन में, सत्याग्रह से, सड़क पर और कई माध्यमों से सहासिक रूप से लड़ते हुए, देश को आजादी के अंतिम मुकाम तक पहुँचाया था। जो देश की एकता, अखण्डता और समानता को एक सूत्र में पिरोए रखने की प्रेरणा देती है।

इस उपलक्ष्य में देश कृतज्ञ राष्ट्र के रूप में अपने वीर शहीदों को स्मरण करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है, जिनके संघर्ष और बलिदान के बूते हमें एक स्वाधीन राष्ट्र के नागरिक होने का गौरव प्राप्त हुआ।

आइए राष्ट्रीय पर्व के इस पुनीत अवसर पर एक कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने के नाते देश, समाज और पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का मूल्यांकन करें और राष्ट्रीय एकता, खुशहाली एवं बंधुत्व के संदेश के प्रसार का वाहक बनें।

जय हिन्द, जय भारत, जय झारखण्ड!

**रबीन्द्र नाथ महतो**
अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा, रांची

SARALA BIRLA UNIVERSITY

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
(SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS)

अमृतं तु विद्या

# ७९वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !



15th August, 2025

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL, SARALA BIRLA UNIVERSITY,
MAHADEVI BIRLA INSTITUTE OF NURSING & CLINICAL TECHNOLOGY
Birla Knowledge City, Mahilong Ranchi - 835103

टाटीसिलवे विद्युत कार्यालय परिवार की ओर से समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। बिजली बचाओ देश के विकास में सहयोग प्रदान करें। जय हिंद जय भारत

अशोक प्रिय
एईई
टाटीसिलवे, रांची, झारखंड।

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। बिजली आपकी सम्पत्ति है इसका सही उपयोग कर विकास पथ पर हाथ बढ़ाए। वंदे मातरम

अमित कुमार
कार्यपालक अभियंता
जेबीवीएनएल कुसई कालोनी
रांची, झारखंड।

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। अमर शहीदों को सत सत नमन। वंदे मातरम।

पंकज जयसवाल
एईई
जेबीवीएनएल, कोकर, रांची झारखंड।

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। अमर शहीदों को सत सत नमन, भारत माता की जय

उत्तम प्रसाद
रांची, झारखंड।

समस्त झारखंड वासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। अपना लक्ष्य त्वरित निष्पादन का। जय हिंद जय भारत

राजू कमल
अंचल पदाधिकारी
अनगड़ा प्रखंड रांची, झारखंड।

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक मंगल कामनाएं। अपना लक्ष्य प्रखंड विकास पर। जय हिंद

जयपाल सोय
प्रखंड विकास पदाधिकारी
अनगड़ा प्रखंड रांची झारखंड।

समस्त झारखंडवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। अपना लक्ष्य पंचायत के सभी काम पूरा करने पर। जय हिंद जय भारत

सोहन मुण्डा
पूर्व मुखिया

डाली मुण्डा
मुखिया
चतरा पंचायत टाटीसिलवे रांची झारखंड।

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**फिरोज अली**
झामुमो, केंद्रीय समिति सदस्य
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**सुजान जोजो**
पूर्व प्रत्याशी भाजपा
कोलेबिरा, विधानसभा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**प्रवीण साहू**
समाजसेवी विश्व हिंदू परिषद
लचरागढ़ कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**निरंजन कुमार नीरज**
सचिव जलछाजन
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**क्लेमेंट टेटे**
15 सूत्रीय कार्यक्रम जिला सदस्य

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अंसार अहमद**
समाजसेवी लसिया
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अंजना लकड़ा**
मुखिया कोलेबिरा पंचायत

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**कल्पना देवी**
मुखिया नवाटोली पंचायत, कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**डॉ अर्चना मिंज**
प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**हर्ष कुमार साह**
थाना प्रभारी कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**विकास जैन**
समाजसेवी सह संवेदक
सिमडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**जॉनसन कंडूलना**
पूर्व जिला परिषद सदस्य
सह सामाजिक कार्यकर्ता
- टाटी, जलडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अनूप लकड़ा**
आदिवासी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष, झारखंड

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**नूतन मिंज**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
ठेठईटांगर

स्वतंत्रता दिवस की सिमडेगा वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
**अमृत मिंज**
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण सिमडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Adminstrator
**फादर बिनुस जीवन केरकेट्टा**
प्रधानाध्यापक -अमृत समद
आर सी प्राइमरी स्कूल,
गिरदा, बानों, सिमडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**सिस्टर सुषमा तिग्गा**
प्रधानाध्यापिका संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय लचरागढ़
**सिस्टर रेशमा डुंगडुंग**
प्रधानाध्यापिका संत अन्ना बालिका मध्य विद्यालय लचरागढ़ कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मोंटफोर्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, लचरागढ़, कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**सुलभ नेल्सन डुंगडुंग**
प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अशोक इंदवार**
प्रखंड अध्यक्ष भाजपा
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**राजेश्वर पासवान**
वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**राजकुमार साहू**
समाजसेवी सिजांग
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**कुंदन कुमार दास**
डायरेक्टर सक्सेस प्वाइंट
कंप्यूटर कोचिंग संस्थान
लचरागढ़

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अनिता जड़िया**
मुखिया डोमटोली पंचायत
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**सुनिता देवी**
उप प्रमुख कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**दुतामी हेमरोम**
प्रखंड प्रमुख कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अनुप कच्छप**
अंचलाधिकारी कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**बिरेंद्र किंडो**
प्रखंड विकास पदाधिकारी
कोलेबिरा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**सुशीला देवी**
प्रखंड प्रमुख सिमडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**बिमल कुमार**
निदेशक
एलिस शैक्षणिक संस्थान बानो
सिमडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**विकास बड़ाईक**
जिला सचिव आजसू पार्टी
सिमडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**धुपेंद्र पाण्डेय**
जिला अध्यक्ष आजसू पार्टी
सिमडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**रोशन**
इंडियन इलेक्ट्रॉनिक
मेन रोड बानो, सिमडेगा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हिंदी संस्कृत और अंग्रेजी शिक्षा का बेहतरीन समावेश
शिक्षा व संस्कार सेवा स्वावलंबन मुख्य केंद्र
कक्षा नर्सरी से दशम वर्ग तक
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उत्तम संस्कार देना मुख्य लक्ष्य
निवेदक: राजेंद्र साहू प्राचार्य
विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़, सिमडेगा

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा**

केदारनाथ सिंह बानो, अध्यक्ष
महावीर सोनी सचिव, बानो
प्रेम कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष
संजय कुमार महासचिव
कार्यकारिणी सदस्य आमोद रंजन, पावेरूस टोप्पो, सरोज रॉय

79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**अरुण कुमार सिंह**
प्रधान सचिव
झा रा प्रा शि संघ सिमडेगा
**राकेश किंडो**
संयुक्त सचिव
**दिलीप प्रसाद**
संयुक्त सचिव
**प्रेमण बागे**
संगठन सचिव
**सुजीत एक्का**
कोषाध्यक्ष

# गोधर की बच्ची जापानी इंसेफेलाइटिस से पीड़ित, गंभीर

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** डेंगू और डिफ्थीरिया के बाद धनबाद में अब जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) ने भी दस्तक दे दी है। गोधर निवासी 9 वर्षीय बच्ची सोनम कुमारी इस खतरनाक बीमारी से पीड़ित मिली है। बच्ची को गंभीर अवस्था में धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जिले में इस साल जेई का यह पहला मामला है। बीते कुछ दिनों से सोनम बुखार, सिरदर्द और कमजोरी की शिकायत कर रही थी। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। यहां प्राथमिक जांच के दौरान डॉक्टरों को संदेह हुआ। इसके बाद माइक्रोबायोलॉजी विभाग में विस्तृत जांच कराई गई। इसमें बुधवार को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। धनबाद में जेई का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सकते में है। अधिकारियों की मानें तो गुरुवार से गोधर इलाके में स्वास्थ्य टीमों को सर्वे के लिए भेजा जाएगा। मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर उन्हें नष्ट किया जाएगा। प्रभावित और आसपास के क्षेत्रों में फॉगिंग, एंटी-लार्वा स्प्रे और जागरुकता अभियान चलाने की तैयारी है। मच्छर से होता है जापानी इंसेफेलाइटिस डेंगू और मलेरिया की तरह जापानी इंसेफेलाइटिस भी एक मच्छरजनित वायरल बीमारी है। यह मुख्यरूप से क्यूलेक्स प्रजाति के मच्छरों से फैलती है। यह वायरस मस्तिष्क को प्रभावित करता है, जिससे रोगी को तेज बुखार, सिरदर्द, उलझन, दौरे और बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर मामलों में यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है। बच्चे होते हैं ज्यादा प्रभावित डॉक्टरों के अनुसार जापानी इंसेफेलाइटिस से 10 साल से कम उम्र के बच्चे ज्यादा प्रभावित होते हैं। इससे अधिक उम्र के लोगों पर इसका असर कम होता है। वर्ष 2024 में भी एक बच्चा इससे पीड़ित मिला था। इसके बाद जिला में अब एक केस मिला है।

## हर्ष सिंह और बीसीसीएल जीएम सहित पांच के खिलाफ एफआईआर

**धनबाद पुटकी।** हर्ष सिंह और बीसीसीएल पुटकी बलिहारी (पीबी) एरिया के जीएम धर्मेंद्र मित्तल, गोपालीचक के लोडिंग बाबू निर्मल यादव, माइंस इंचार्ज श्रीराम पांडेय, कुश सिंह व अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोयला उठाव के लिए डीओ लगानेवाली जय मां तारा और रागिनी मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि मुकेश कुमार पासवान ने आरोपियों के खिलाफ पुटकी थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में मुकेश ने आरोप लगाया कि दोनों कंपनियों को गोपालीचक कोलियरी से डीओ रोड सेल का कोयला उठाव के लिए आवंटन मिला है। इसके बावजूद कंपनियों की गाड़ियों को कोयला नहीं दिया जा रहा है जबकि एक अन्य कंपनी एमएनएसआर ट्रेडिंग फर्म को आवंटन से अधिक कोयला दिया जा रहा है। उनकी दोनों कंपनियों के वाहन में घटिया व निम्न स्तर का कोयला दिया जाता है। 30 जुलाई को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने पीबी एरिया के जीएम से पक्षपात नहीं करने का अनुरोध किया था। मुकेश ने आरोप लगाया कि हर्ष सिंह के इशारे पर उनके समर्थक कोयला उठाव में बाधा डालते हैं। जीएम की मिलीभगत से लोडिंग बाबू निर्मल यादव, एमएनएसआर के माइंस इंचार्ज श्रीराम पांडेय और कुश सिंह डरा-धमका कर उनकी कंपनी से कोयला लोडिंग के एवज में दो हजार रुपए प्रतिटन की मांग कर रहे हैं। आरोप लगाया कि रंगदारी नहीं देने पर कहा जाता है कि तुमलोगों को अच्छा कोयला नहीं दिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### भाकपा माले ने 37 सूत्री मांगों को लेकर दिया धरना

**धनबाद।** भाकपा माले नगर कमेटी ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना दिया। यह धरना नगर निगम क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को लेकर दिया गया था। धरना के बाद पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को 37 सूत्री मांगपत्र सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की। प्रमुख मांगों में नगर निगम चुनाव अविलंब कराने, साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने, जर्जर सड़क और नाली का निर्माण, नियमित पेयजल आपूर्ति, गरीबों को आवास योजना का लाभ, निशुल्क पानी कनेक्शन, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र 15 दिनों के भीतर जारी करने और वार्डों में स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करना आदि शामिल था। मुख्य वक्ता भाकपा माले के केंद्रीय सदस्य निताई महतो और वरिष्ठ नेता हरि प्रसाद पप्पू ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। जन समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई पहल नहीं हो रही है। जिला सचिव बिंदा पासवान ने धरना की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सफाई कर्मियों की जायज मांगों को गंभीरता से लेकर उन्हें स्थायी किया जाए। कार्यक्रम का संचालन नगर संयोजक विजय कुमार पासवान ने किया। मौके पर माले नेता कार्तिक प्रसाद, सुभाष चटर्जी, राणा चट्टराज, दिलीप राम, देवाशीष पासवान, लक्ष्मी पासवान, विश्वजीत राय, बुटन सिंह, नरेश पासवान, भक्तू महतो, पवन महतो, मंजू देवी, मनीष यादव, मुस्ताक खान आदि मौजूद थे।

### सन्नी सिंह के नेतृत्व में 200 झंडे बांटे



**जमशेदपुर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज भारतीय जनता पार्टी के बिष्टूपुर मंडल के महामंत्री सन्नी सिंह के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। इस बाइक रैली में पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बाइक रैली रानी कुदर से निकल कर राम मंदिर, मेन रोड, गोपाल मैदान तक आई। इसके पश्चाशैल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता पैदल चले और उक्त सभी इलाके के लोगों के घरों में जाकर तिरंगा वितरण किया गया। लगभग 200 झंडे बांटे गए। शैल सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हम लोग इसे सफल बनाने के लिए तन, मन से जुटे रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहे।

### रोटरी क्लब फेमिना ने स्कूल में कराया हीमोग्लोबिन टेस्ट - 200 किशोरियों को मिला लाभ




**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब फेमिना द्वारा सोनारी स्थित आरएमएस खूंटाडीह में कक्षा 8 से 10 तक की छात्राओं के लिए निःशुल्क हीमोग्लोबिन टेस्ट का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में खून की कमी (एनीमिया) की रोकथाम एवं जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में कुल 200 छात्राओं का परीक्षण किया गया, जिससे उन्हें अपने स्वास्थ्य की वास्तविक स्थिति का पता चला। क्लब की अध्यक्ष डॉ. रेणुका चौधरी ने कहा कि किशोरावस्था में सही पोषण और समय पर जांच से भविष्य की सेहत मजबूत होती है। हमारा लक्ष्य है कि हर छात्रा स्वस्थ और सशक्त बने। इस अवसर क्लब की ओर से अध्यक्ष डॉ. रेणुका चौधरी, सचिव वासंती रघुराम, पसम आडेसरा, शशि गाड़िया, तजिंदर कौर एवं स्कूल प्रबंधन की टीम मौजूद रही।

### हर घर तिरंगा यात्रा से पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन

**जामताड़ा।** हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों की साफ-सफाई कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी दल है और स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर तिरंगा यात्रा निकालना, हर घर में तिरंगा पहुंचाना और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले महापुरुषों को नमन करना पार्टी की परंपरा है। उन्होंने कहा कि शहर एवं जिले के विभिन्न स्थानों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई व माल्यार्पण का कार्य कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले के सभी मंडलों एवं क्षेत्रों में यह कार्यक्रम चल रहा है। तिरंगा यात्रा 13 अगस्त के अपराहन 04 बजे गांधी मैदान से निकाली जाएगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुकुमार सरखेल, जिला मीडिया प्रभारी आभा आर्या, सह मीडिया प्रभारी प्रदीप राउत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता, भाजयुमो जिला महामंत्री चंदन राउत, रंजीत राणा, संतोष मंडल, तरुण दास, देवाशीष, मंटू पंडित समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रैंकिंग के आधार पर क्षेत्र का कराया जाएगा विकास

**कोडरमा।** इंजीनियरिंग कॉलेज ऑडिटोरियम में पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। उपायुक्त श्री ऋतुराज ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि यह सूचकांक ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पोषण, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचना जैसे मानकों पर पंचायतों के प्रदर्शन का मूल्यांकन होगा। रैंकिंग के आधार पर कमज़ोर क्षेत्रों में प्राथमिकता से सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जो क्षेत्र कमजोर होंगे उसे औरा मजबूत किया जाएगा। कार्यशाला में विभागीय विशेषज्ञों ने सूचकांक के मानदंड, डेटा संग्रहण प्रक्रिया, पोर्टल पर जानकारी अपलोड करने के तरीके और निगरानी तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुति दी। पंचायत स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियमित डेटा अद्यतन और क्षेत्रीय निरीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया गया। उपायुक्त ने प्रखंड व पंचायत स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विकास कार्यों की सटीक जानकारी समय पर दर्ज करें और सूचकांक में सुधार हेतु सामूहिक प्रयास करें। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीडीओ और पंचायत मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के जोश से भरी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सांसद (राज्यसभा) एवं झारखंड भाजपा महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह की शुरुआत विभिन्न देशभक्ति गतिविधियों के साथ हुई। 'वीरता की विरासत' विषय पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें छात्रों की रचनात्मकता और भारत की गौरवशाली साहस की विरासत की गहरी समझ प्रदर्शित की गई। छात्रों में एकता और गौरव की भावना जगाने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भारत की सुंदरता, सांस्कृतिक समृद्धि और सौहार्दपूर्ण भावना का जश्न मनाते हुए 'जयतु जननी' गीत पर एक विशेष देशभक्ति नृत्य और 'भारत वंदे मातरम' समूह गीत प्रस्तुत किया। एक छात्रा ने 'करते नहीं देश की चिंता' शीर्षक से एक देशभक्ति कविता का पाठ किया, जिससे विद्यार्थियों को देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास हुआ। स्कूल के सांस्कृतिक समूह ने एक शानदार नृत्य प्रस्तुत किया जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति के उत्साह से भर दिया। छात्रों द्वारा निकाली गई उत्साहपूर्ण प्रभात फेरी ने परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वतंत्रता के उत्साह को और बढ़ा दिया।

## ब्राउन शुगर की तस्करी मामले में एक गिरफ्तार, नाबालिग निरुद्ध



नवीन मेल संवाददाता

रांची। लोअर बाजार थाना क्षेत्र से ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कांटाटोली बस स्टैंड से एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया। वहीं, माधव कुमार चौधरी नाम के तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 23 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। निरुद्ध नाबालिग का अपराधिक इतिहास रहा है।

## पांचवीं तक के लिए धनबाद को मिले 253 सहायक आचार्य

**धनबाद।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कक्षा एक से पांच तक के लिए इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य नियुक्ति का रिजल्ट जारी कर दिया है। धनबाद के लिए 253 सहायक आचार्य सफल घोषित किए गए हैं। जेएसएससी से सफल सहायक आचार्यों का फोल्डर स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग को भेजा जाएगा। उसके बाद राज्य मुख्यालय धनबाद को फोल्डर उपलब्ध कराएगा। फोल्डर मिलते ही जिलास्तर पर काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं बुधवार को बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय में डीएसई आयुष कुमार के नेतृत्व में कक्षा छह से आठ के लिए अनुशंसित साइंस-गणित के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति काउंसिलिंग का आयोजन हुआ। काउंसिलिंग के लिए चार टीम बनाई गई थी। काउंसिलिंग में डीईओ अभिषेक झा विशेष रूप से उपस्थित थे। काउंसिलिंग में 104 में से सभी 104 सहायक आचार्य उपस्थित रहे। डीएसई कार्यालय को कक्षा छह से आठ के लिए भाषा सहायक आचार्य के लिए 41 अभ्यर्थियों का फोल्डर मिला है। जल्द ही कला का भी फोल्डर मिलने की संभावना है। आयुष कुमार, डीएसई धनबाद ने कहा कि बुधवार को काउंसिलिंग में डीईओ कार्यालय के प्रधान लिपिक राजीव चौधरी, डीएसई कार्यालय के प्रधान लिपिक श्यामल हलधार, नीतीश कुमार, सपन कुमार, गौरी शंकर, लोकेश कुमार, राहुल सिंह मौजूद थे। जल्द ही कक्षा छह से आठ के लिए भाषा व कला के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति काउंसलिंग की तिथि घोषित की जाएगी। पहली से पांचवीं कक्षा के लिए सहायक आचार्य अभ्यर्थी का फोल्डर मिलने का इंतजार है।

### हृदय के पालने में श्रीकृष्ण का जन्म

# उनकी शरण में स्वयं को अर्पित करना

नवीन मेल संवाददाता। रांची




अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥

अर्थात, (श्रीकृष्ण कहते हैं) जो भक्त अनन्य भाव से केवल मेरी शरण में रहते हैं और मेरा ध्यान करते हैं, उनके योग (आध्यात्मिक संरक्षण) और क्षेम (भौतिक संरक्षण) को मैं वहन करता हूँ। भगवद्गीता के अध्याय 9 के 22वें श्लोक में ईश्वर के उत्कृष्ट रूप, भगवान कृष्ण द्वारा दिए गए इस आश्वासन से बढ़कर और क्या होगा। इस संरक्षण को पाने के लिए पहली अपरिहार्यता है, उनका ध्यान करके उनकी शरण में स्वयं को अर्पित करना। आज के इस उथल-पुथल भरे और तीव्र गति से चलायमान भौतिक युग में अपने मन को उस परमात्मा पर स्थिर रखना असंभव नहीं, तो कठिन अवश्य प्रतीत होता है। परंतु, इस धरा पर समय-समय पर अवतरित ईश्वर प्राप्त संत और महात्माओं के वचन, उनकी वाणी और उनकी शिक्षाएं मानवजाति के लिए सुहावना छत्र प्रदान करती हैं। ऐसे ही मन और आत्मा के साम्राज्य की खोज करने वाले एक महान गुरु श्री श्री परमहंस योगानंदजी का कहना है कि जो व्यक्ति अपनी इच्छाशक्ति को ईश्वर की असीम इच्छाशक्ति के साथ एक कर लेता है, उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं होता। बचपन में मुकुंद कहलाने वाले इस बालक ने अपने सहपाठी के साथ श्रीकृष्ण के दर्शनों की अभिलाषा में रातभर ध्यान किया, कृष्ण प्रेम के गीत गए, प्रार्थनाएं की, प्राणायाम किया और अंततः उनकी कामना पूर्ण हुई और वे अपने अश्रुसिक्त नेत्रों से उनके दर्शन करने में सफल हुए। (परमहंस योगानन्दजी के छोटे भाई सनंदलाल घोष की पुस्तक 'मेजदा' से उद्धृत) ईश-प्रेम की इसी धारा को प्रवाहित करने के लिए योगानंदजी ने योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/ सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप का वटवृक्ष रोपित कर योग की उदात्त वैज्ञानिक प्रविधि - क्रियायोग (प्राणशक्ति पर नियंत्रण की विधि) जिसे ईश्वर तक पहुंचने का वायुयान मार्ग कहा जाता है, प्रदान की। इसके विषय में वे अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत', जिसके पृष्ठों में पाठक आध्यात्मिक प्रभुत्व के प्रकाश की झलक पाता है, के अध्याय 26 में इस प्रविधि के बारे में विस्तार से बताते हैं।

# भगवान गोगा की पूजा करने से सांपों से रहते हैं सुरक्षित : संजय सर्राफ

नवीन मेल संवाददाता



रांची। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि हिंदुओं का त्योहार गोगा नवमी 17 अगस्त दिन रविवार को मनाया जाएगा। गोगा नवमी को गुगा नौमी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व मारवाड़ी समाज के घरों में भी उल्लासपूर्वक मनाया जाता है। गोगा नवमी भगवान गुगा यानि नाग देवता की पूजा के लिए समर्पित है। गोगा नवमी भाद्र पद महीने में कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। हिंदू परंपराओं में गोगाजी, जिन्हें जहर वीर गोगा भी कहा जाता है, एक लोकप्रिय लोक देवता है। उनकी भारत के उत्तरी राज्यों विशेष रूप से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पंजाब में पूरी श्रद्धा के साथ पूजा की जाती है। गोगा नवमी गोगाजी के सम्मान में मनाया जाने वाले महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक है। मान्यता है कि वे भाद्रपद कृष्ण पक्ष की नवमी को प्रकट हुए थे। इसलिए हिंदू उन्हें यह दिन समर्पित करते हैं। गोगा को शक्तिशाली राजपूत राजकुमार के रूप में जाना जाता है, जिनके पास विषैले सांपों को नियंत्रित करने की अलौकिक शक्तियां थी।इस दिन अनुष्ठानों के एक भाग के रूप में उनकी कहानियों के विभिन्न संस्करण सुनाए जाते हैं। विवाह, पारिवारिक जीवन, युद्ध, सांप के काटने पर उपचार करने की उनकी अविश्वसनीय कला और पृथ्वी से उनके गायब होने का वर्णन है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गेड़िया में झामुमो की शोक सभा

नवीन मेल संवाददाता

**जामताड़ा।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर गेड़िया में झामुमो की शोक सभा -आदिवासी अस्मिता के प्रतीक को दी श्रद्धांजलि, सपनों का झारखंड बनाने का लिया संकल्प बिंदापाथर,प्रतिनिधि। झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद, पूर्व कोयला मंत्री एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर बुधवार को गेड़िया कालिंजर मंदिर परिसर में झामुमो नेता विधान गोस्वामी के नेतृत्व में शोक सभा आयोजित की गई। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि गुरुजी न केवल एक प्रखर राजनेता थे बल्कि आदिवासी अस्मिता के प्रतीक और गरीब, शोषित, वंचितों की आवाज थे। उनके कठिन संघर्ष के बल पर ही अलग राज्य के रूप में झारखंड का गठन संभव हुआ। सभा में संकल्प लिया गया कि गुरुजी के सपनों का झारखंड बनाने के लिए उनके विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य, सचिव वासुदेव हांसदा, उपाध्यक्ष नदियानंद सिंह, पंचायत अध्यक्ष सौरभ कुमार राय, मुसूई मरांडी, तपन घोष, गोरांग सिंह, सुदर्शन समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। फोटो बिंदापाथर 01: बुधवार को गेड़िया कालिंजर मंदिर परिसर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते झामुमो कार्यकर्ता।

### रांची के आठ वार्डों में आज की जाएगी फॉगिंग

**रांची।** रांची नगर निगम शुक्रवार (15 अगस्त) को आठ वार्डों में विशेष अभियान के तहत फॉगिंग का कार्य करेगा। जिन वार्डों में फॉगिंग का कार्य किया जाएगा, उनमें वार्ड 05, 14, 16, 25, 30, 39, 45 एवं 51 शामिल हैं। रांची नगर निगम ने शहर के निवासियों से कहा है कि वे अपने क्षेत्र में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा दवा के छिड़काव के लिए नगर निगम के टोल फ्री नंबर 18005701235 पर संपर्क कर सकते हैं। बरसात के मौसम में मछरों की संख्या ज्यादा बढ़ जाती है जिसस बीमारियों की आशंका बढ़ने लगती है जिससे बचना बहुत ही हमलोगों को जरूरी है।

### आधार अपग्रेडेशन शिविर का अंतिम तारिख 27 सितंबर तक

**कोडरमा।** डोमचांच और जयनगर प्रखंडों में छुटे हुए वर्ग के लोग, 0-5 वर्ष के बच्चे, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभुक महिलाएं, पोषाहार प्राप्त करने वाली महिलाएं, स्कूल के विद्यार्थी एवं आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए विशेष आधार पंजीकरण एवं अद्यतन कैम्प आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान 13 अगस्त 2025 से 27 सितम्बर 2025 तक चलेगा। उपायुक्त ऋतुराज ने निर्देश दिया है कि प्रखंड मुख्यालय के आधार ऑपरेटर निर्धारित समय पर आधार मशीन के साथ संबंधित ग्राम पंचायतों में आयोजित इन कैम्पों में उपस्थित रहें, ताकि लक्षित समूह का शत-प्रतिशत आधार पंजीकरण और अद्यतन कार्य समय पर पूरा हो सके। सभी लोग दिए गए अंतिम तारिख तक करा लें नहीं तो फिर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसे कराना जरूरी है।

**एनकाउंटर विवाद** सूर्या हांसदा की मौत पर सियासी बवाल

# भाजपा ने एनकाउंटर को बताया फर्जी परिवार से मिलने गोड्डा जाएंगे अर्जुन मुंडा

नवीन मेल संवाददाता

- सूर्या हांसदा गोड्डा में अवैध खनन का लगातार विरोध कर रहे थे, इसलिए उन्हें फर्जी मामले में फंसाने की साजिश रची गई और फर्जी मुठभेड़ के जरिए उनकी हत्या कर दी गई





**खूंटी।** गोड्डा में पुलिस द्वारा मुठभेड़ में मारे गए सूर्या हांसदा की मौत के बाद झारखंड के राजनीतिक गलियारों में उथल-पुथल मची हुई है. विपक्षी पार्टियों के नेता सरकार और प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं. एनकाउंटर को फर्जी बताया जा रहा है. विपक्षी नेताओं का आरोप है कि सूर्या हांसदा का पुलिस ने एनकाउंटर नहीं बल्कि मर्डर किया है. वहीं कुछ नेता इस एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं. एनकाउंटर की इस घटना ने अब पूरी तरह से राजनीतिक रंग लेना शुरू कर दिया है. इसी कड़ी में पूर्व सीएम और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गोड्डा जाकर सूर्या हांसदा के परिवार से मुलाकात करेंगे. उन्होंने जानकारी दी कि वे 17 अगस्त को गोड्डा जाएंगे. इस दौरान अर्जुन मुंडा ने सूर्या हांसदा के एनकाउंटर को फर्जी बताया. उन्होंने कहा कि समाज की बुराइयों और खनन माफियाओं के खिलाफ लड़ने वाले सूर्या को पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ में मार गिराया. अर्जुन मुंडा ने कहा कि सूर्या हांसदा पिछले कई वर्षों से उस क्षेत्र में माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रहे थे. उनकी हत्या के पीछे गहरी साजिश है. वे विस्थापन, कोयला माफिया, बालू खनन, बजरी चोरी और राज्य के संसाधनों व खनिजों की बिक्री का विरोध करते थे. यह मुठभेड़ और सूर्या की हत्या पुलिस और माफियाओं की मिलीभगत का नतीजा है. उन्होंने आगे कहा कि सूर्या हांसदा गोड्डा में अवैध खनन का लगातार विरोध कर रहे थे, इसलिए उन्हें फर्जी मामले में फंसाने की साजिश रची गई और फर्जी मुठभेड़ के जरिए उनकी हत्या कर दी गई. उनकी तबीयत खराब होने के कारण वे दूसरे राज्य से इलाज कराकर लौटे थे, उनकी पत्नी ने पुलिस को उनकी खराब तबीयत की सूचना दी थी. इसके बावजूद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस मामले को लेकर झारखंड सरकार और पुलिस पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के पुलिसकर्मी अपराधियों को पनाह और संरक्षण दे रहे हैं।

सुप्रभात | विचार प्रवाह

"अधिकांश लोग मन को एक दर्पण मानते हैं, जो कमोबेश उनके बाहरी संसार को सटीक रूप से प्रतिबिंबित करता है, जबकि इसके विपरीत वे यह नहीं समझते कि मन स्वयं सृष्टि का प्रमुख तत्व है।" - रवींद्रनाथ टैगोर

## संपादकीय

# स्वतंत्रता दिवस और स्वच्छंदता

भारत हर साल 15 अगस्त को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन सभी बलिदानों की याद दिलाता है जो हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने के लिए दिए थे। 15 अगस्त 1947 को, भारत ब्रिटिश उपनिवेशवाद से स्वतंत्र घोषित हुआ और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना। अंग्रेजों ने लगभग 200 वर्षों तक भारत पर शासन किया। ब्रिटिश शासन में, भारतीयों का जीवन दयनीय था। भारतीयों के साथ गुलामों जैसा व्यवहार किया जाता था और उन्हें उनसे कुछ भी कहने का कोई अधिकार नहीं था। भारतीय शासक ब्रिटिश अधिकारियों के हाथों की कठपुतली मात्र थे। ब्रिटिश शिविरों में भारतीय सैनिकों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था, और किसान भूख से मर रहे थे क्योंकि वे फसल नहीं उगा सकते थे और उन्हें भारी भूमि कर देना पड़ता था। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष किया। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू, रानी लक्ष्मी बाई, मंगल पांडे, दादा भाई नौरोजी बिरसा मुंडा, पांडे गणपत राय और ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जैसे प्रसिद्ध नेताओं ने अंग्रेजों के खिलाफ निडरता से लड़ाई लड़ी। उनमें से कई ने भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति भी दी। उनके योगदान और प्रयास को भारत के स्वतंत्रता इतिहास में याद किया जाता है। यह दिन हमें स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों और स्वतंत्रता प्राप्ति में उनके द्वारा दिए गए बलिदान की भी याद दिलाता है। हमारे वीरों ने जो पीड़ा झेली है, वह हमें याद दिलाती है कि आज हम जिस स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वह लाखों लोगों का खून बहाकर अर्जित की गई है। यह भारत के प्रत्येक नागरिक के अंदर देशभक्ति की भावना भी जागृत करता है। यह वर्तमान पीढ़ी को उस समय के लोगों के संघर्षों को करीब से समझने और भारत के स्वतंत्रता सेनानियों से परिचित कराने का अवसर प्रदान करता है। स्वतंत्रता दिवस का महत्व वही ज्यादा समझ सकता है जिसने गुलामी देखी हो। स्वतंत्रता दिवस लोगों में देशभक्ति की भावना जगाता है। यह लोगों को एकजुट करता है और उन्हें यह एहसास दिलाता है कि हम विभिन्न भाषाओं, धर्मों और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ एक राष्ट्र हैं। विविधता में एकता भारत का मूल सार और शक्ति है। हमें दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का हिस्सा होने पर गर्व है, जहां सत्ता आम आदमी के हाथों में है। पर ध्यान देना होगा कि ये स्वतंत्रता स्वच्छंदता में न बदल जाए। हम आज कर्तव्यों की बात कम और अधिकारों की बात अधिक करने लगे हैं।



*हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष किया। महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू, रानी लक्ष्मी बाई, मंगल पांडे, दादा भाई नौरोजी बिरसा मुंडा, पांडे गणपत राय और ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जैसे प्रसिद्ध नेताओं ने अंग्रेजों के खिलाफ निडरता से लड़ाई लड़ी।*

### 15 अगस्त राष्ट्र कल्याण की भावना का दिन

# नव ऊर्जा संचित कर राष्ट्र कल्याण की प्रेरणा देते हैं हमें राष्ट्रीय पर्व



एआई जेनरेटेड

आज की बात



कांतिलाल मांडोत

पंद्रह अगस्त उन्नीस सौ सैंतालीस का वह दिव्य प्रभात देश के लिए कितने आनन्द उल्लास का रहा होगा जो एक हजार वर्ष की गुलामी को भोगकर सर्व तंत्र स्वतंत्र हुआ।आज हम अपनी उस स्वतंत्रता की स्मृति को चिरस्थायी बनाये रखने के लिए प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाते है। उठ जाग मुसाफिर भोर भई का सहगान गाते हुये बालक प्रभात फेरी निकालते थे।राष्ट्र ध्वज तिरंगा मुक्त गगन में फहराया जा रहा है।आज हम स्मरण करते है, देश के उन नौनिहालों का,जिन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए हंसते हंसते स्वयं का बलिदान कर दिया।इसी दिन के लिए कई माताओ के सपूत,बहिनो के भाई फांसी के झूलो पर झूल गये।उन अनगिनत वीरो ने अंग्रेजो की गोलियों को पीठ पर ही नही, बल्कि अपने सिनो पर झेला था। कितने क्रूर थे अंग्रेज, जिन्होंने जलियो वाले बाग में निहत्थे सभा पर गोलियो की बौछार करके दानवता का नग्न प्रदर्शन किया था। अंग्रेज डायर के उस क्रूर कृत्य को इतिहास कभी क्षमा नही करेगा। अमृतसर की धरती अपने सपूतो के लहू से लाल हो गई।सचमुच इंसानियत उस दिन फुट फुटकर रोई थी। सोचो,उस क्रूरता से आजादी के तराने मौन हो गये?आजादी के दीवाने शांत हो गए?नही,बल्कि और अधिक भड़की।हम देशवासियों के पास शस्त्र कहा थे जो उनसे सामना करते?उनके पास बंदूके और गोलिया थी तो हमारे पास देश प्रेम के तराने गाती मस्तानो की टोलियां थी। चन्द्रशेखर आजाद,भगतसिंह, सुखदेव, अशफाक उल्ला खां, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे देशभक्त सिर पर कफ़न बांधकर चलने वाले वीर थे और ये दुर्बल देह में महावीर भगवान सा संकल्प धारण किये,सोटी और लँगोटी पहने अहिंसा और सत्याग्रह का वैचारिक शस्त्र धारण कर चलने वाली गांधी।गांधी की आंधी से यूनियन जैक हिल गया और उसके स्थान पर चढ़ गया अशोक चक्राहित तिरंगा, उसे देखकर समस्त भारतीयों के मन बांसों उछलने लगे। मन मयूर नाच उठे।ह्दय कमल खिल उठे। जीवन के कण कण में नव चेतना, नव जागृति अटखेलियाँ करने लगी,राष्ट्रभक्तो के गगन भेदी नारो से बहु मंडल गूंज उठा।आजादी की खुशी में देश के बंटवारे की पीड़ा को भी भूल गये। आबाल, वृद्ध,वनिता सभी प्रसन्न थे। सभी का मुखमंडल खिलखिलाकर हंस रहा था। मिठाइयों के थाल बांटे जा रहे थे।

जिन लोगो ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया,वे अगर जिंदे है तो वर्तमान स्थिति को देखकर हतप्रभ है।रामराज्य का सपना अधूरा रह गया। देश मे राजनीतिक हल्को में भ्रष्टाचार लूटमार, डकैती, मतांतरण, बलात्कार, हत्या व आतंक के राक्षस अपने पंजे फैला रहा है। भुला दिया है हमने राम को, उस राम को, जो भारतीय संस्कृति के महामानव थे। जिन पर भारतीय संस्कृति को गर्व रहा है।राम आज भी जाज्वल्यमान प्रकाश स्तम्भ है,जिनकी प्रकाश किरणे सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति की वैदिक व श्रमण धारा को प्रकाशित कर रही है।

सचमुच धन्य-धन्य है वह रामराज्य, लाखों वर्ष का दीर्घकाल व्यतीत हो जाने पर भी जिसकी चमक और दमक किसी भी प्रकार से कम नहीं हुई है। आप सभी बुद्धिजीवी है,हम जानते हैं इस दीर्घ काल में समय ने कई करवटें लीं, अनेक राज कान्तियाँ हुई हैं। अनेक राजा-महाराजा और सम्राट्-शहंशाह तलवारें चमकाते, भाले उठाते, हिनहिनाते अश्वों व चिंघाड़ते हाथियों पर बैठकर आये, अपनी कायरतापूर्ण वीरता और सत्ता की शक्ति से जन-मन में भय का संचार किया। वे जिधर से गुजरे, उधर ही एक विनाशकारी तूफान उठा दिया। नादिर, चंगेज, तैमूर को क्या इतिहास भुला पाया है? क्या हम गजनवी और गौरी को इतिहास के पृष्ठों से अलग कर पाये हैं? उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। उनका नाम सुनने मात्र से ही वीरों के कलेजे काँप उठते थे। वे और उनकी सेना जिधर से गुजरती, चमन वीरान हो जाता था। बस्तियाँ खाली हो जाती थीं, खलिहान आग की लपटों में स्वाहा हो जाते थे। वे इंसान की शक्ल में नरपिशाच थे। उन्होंने सम्प्रदायवाद के रंग से रंगकर अन्याय किया, अत्याचार किया, खून की नदियाँ बहा दीं तथा सांस्कृतिक पूजा-स्थलों को नष्ट-भ्रष्ट कर अपनी शक्ति का वर्चस्व बताया। वे मानव के तन पर शासन कर सके, मगर उनके मन पर विजय नहीं पा सके। कागज के काले पृष्ठों पर उनका कलंकित नाम आज भी अंकित है, मानव-मन में उनके प्रति घृणा का ज्वार आज भी उफन रहा है।

इस स्वतंत्र भारत में आज हम जन-मन को सुखी बनाने वाले रामराज्य की कल्पना करते हैं। राम का जीवन तो गन्ने के समान था, जिसमें सर्वत्र मिठास-ही-मिठास समाई थी। उसकी हर पेड़ी मिठास का अद्भुत स्रोत थी। राम का जीवन कितना महान् था, उन्हें स्वर्ण सिंहासन पर बिठाने की घोषणा हो चुकी थी। अवध की जनता राम को राज्य सिंहासन पर आरूढ़ देखने को उत्सुक थी।

आज हम देखरहे है जनता के बहुमत पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों को शासन करने का अधिकार सौंपा जाता है।जनता के वोट प्राप्त करने हेतु प्रत्याशी घर घर और दर दर फिरकर याचना करते है,किन्तु अधिकार की कुर्सी पर पदासीन होने के पश्चात वे कितने घरों की सुध लेते है।दीन दुखियो की सेवा का दम्भ भरने वालो को राजधानी के वातानुकूलित बंगलो से बाहर निकलने में शर्म आती है।

स्वतंत्रता दिवस हो या गणतंत्र दिवस, ये राष्ट्रीय पर्व हमें नव ऊर्जा संचित कर राष्ट्र-कल्याण की प्रेरणा देते हैं। दिल्ली और देश के प्रान्तों की राजधानियों में तिरंगा फहराकर भव्य समारोह आयोजित कर हम अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते है,यह उचित नहीं है। राष्ट्रीय पर्व को बीते समय में की गई प्रगति के आधार पर मूल्यांकन-दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। ऐसे दिवस खुले मस्तिष्क और ठंडे दिल से यह सोचने को बाध्य करते हैं कि हमने सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व आत्मिक उत्थान के साथ-साथ की एकता अखण्डता के लिए क्या प्रयास किया है और क्या करना शेष है।

स्वतंत्रता के पश्चात् हमारा देश विभिन्न समस्याओं के जाल में फँस गया है। सत्ता के मोह ने समस्याओं को जन्म दिया है। सत्ताधीशों को स्वार्थ से हटकर जन-कल्याणा की भावना से सोचना होगा। सर्वोदय का राग मन की कलुषता हटाकर गाना होगा तभी आयेगी राष्ट्र में शांति, जनता में खुशहाली, जीवन के कण-कण में फिर सत् की निर्मल ज्योति जगमगायेगी। प्रजा से राजा है, न कि राजा से प्रजा है। यदि विचार मूर्तरूप ले सके तो गांधी जी के अनुसार स्वराज्य का सर्वोत्तम रूप रामराज्य है। रामराज्य अर्थात् ईश्वर का राज्य अथवा सद्गुणों का साम्राज्य। हम जनमानस सद्गुणों का संचार करें, अध्यात्म का अमृत पिलाकर जनता को नया जीवन दे।भारत को पुनः विश्व-गुरु के पद पर आरूढ़ करना प्रत्येक भारतवासी का प्रथम कर्तव्य है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# भारत का उचित और तार्किक कदम

अलग बात



राकेश दुबे

भारत के पीएम मोदी ने साफ कहा है कि भारत अपने किसानों, डेयरीवालों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से कभी भी समझौता नहीं करेगा। टैरिफ वॉर के दौरान प्रधानमंत्री का अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प को यह स्पष्ट संदेश है। बेशक टैरिफ के इस मजाक के कारण भारत के निर्यातकों को नुकसान हो सकता है। उनके लिए भी सरकार पैकेज देने और नये देशों के रास्ते तलाशने का काम कर रही है। दरअसल अमरीका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों पर शुल्क कम करने के साथ-साथ अपने डेयरी उत्पादों को भारतीय बाजार में बेचने की मांग कर रहा है, लेकिन भारत ने लगातार इंकार किया है, क्योंकि इनका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी इस कड़े रुख के लिए व्यक्तिगत रूप से भी भारी कीमत चुकाने को तैयार हैं। वह 'कीमत' क्या हो सकती है? क्या वह अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं? जो नया प्रधानमंत्री आएगा, क्या वह इन अमरीकी मांगों पर समझौता कर सकता है? भारत ने उचित और तार्किक कदम उठाया है कि अमरीका के लिए कषि. डेयरी. मछली आदि उद्योगों के बाजार नहीं खोले। भारत लगातार इंकार करता रहा है। यही बुनियादी कारण है कि दोनों देशों के बीच व्यापार-समझौते की बात भी रुक गई है। अमरीका से जिस वार्ताकार टीम का 25अगस्त को भारत आना तय था, अब वह भी नहीं आएगी। भारत की 42 प्रतिशत आबादी खेती पर आश्रित है और 46 प्रतिशत कामगारों को रोजगार हासिल है। कुछ अंचल ऐसे हैं, जहां यह औसत 60 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान 20 प्रतिशत से भी कम है। भारत में ज्यादातर किसान छोटे और गरीब हैं। नाबार्ड की हालिया रपट बताती है कि खेतिहार परिवार की औसत आय 13,661 रुपए प्रति माह है। खेती से असल आय 4476 रुपए है। शेष आय मजदूरी जैसे अन्य कामों से ही नसीब हो पाती है। अमरीका की अत्यधिक और उच्च स्तर की मशीनीकृत खेती के सामने हमारे छोटे, गरीब किसान कहां ठहर सकते हैं। मोदी सरकार की यही सोच और दृष्टि रही है और हमारे वाणिज्य-उद्योग मंत्रालयों के वार्ताकार साफ इंकार करते रहे हैं कि कृषि को अमरीका के लिए बिलकुल भी नहीं खोला जा सकता। मोदी ने भी बार-बार कहा है कि हमारे लिए हमारे किसानों का कल्याण ही 'सुप्रीम' है। हम इस मुद्दे पर सहमत नहीं हो सकते। दरअसल यह ऐसा समय है, जब भारत में किसानों का कल्याण 'संरक्षणवाद' के परे भी होना चाहिए। सवाल उठाए जा सकते हैं कि प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुनी नहीं कर सके। अधिकतर किसान कर्जदार हैं। यह बेहद संवेदनशील और गंभीर सवाल है कि भारत सरकार और कई राज्य सरकारों ने किसानों के कर्ज माफ करने की घोषणाएं की हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# स्वतंत्रता का सही अर्थ क्या है

आपकी बात



वीणा देवांगन

हम बचपन से सुनते आए हैं – "स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।" 15 अगस्त 1947 को हमारा देश अंग्रेज़ी शासन से मुक्त हुआ, और हमने राजनीतिक स्वतंत्रता पाई। यह हमारे इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। लेकिन क्या केवल राजनीतिक आज़ादी ही सच्ची स्वतंत्रता है? अगर हमारा मन अभी भी लोभ, क्रोध, भय, अहंकार, ईर्ष्या या नशे जैसी बुराइयों से बंधा है, तो क्या हम वास्तव में स्वतंत्र हैं?

### बाहरी और भीतरी स्वतंत्रता

स्वतंत्रता के दो पहलू हैं – बाहरी स्वतंत्रता – जब कोई बाहरी शक्ति हमारे विचार, जीवन या कार्यों को नियंत्रित न करे। जब हम अपनी इच्छा से निर्णय ले सकें और अपने जीवन का मार्ग स्वयं तय कर सकें। भीतरी (आध्यात्मिक) स्वतंत्रता – जब हमारे मन पर किसी नकारात्मक भावना या बुरी आदत का नियंत्रण न हो, और हम अपने विवेक व आत्मज्ञान के आधार पर सही निर्णय ले सकें। हम देखते हैं कि बहुत से लोग स्वतंत्र देश में रहकर भी भय, चिंता, क्रोध, ईर्ष्या या गलत आदतों के गुलाम होते हैं। यह दर्शाता है कि असली स्वतंत्रता मन और आत्मा की मुक्ति में है।

### जीवन में स्वतंत्रता का अर्थ है

1. स्वयं को पहचानना – "मैं कौन हूँ?" इस प्रश्न का उत्तर पाना।
2. आसक्ति से मुक्त होना – उन चीज़ों और परिस्थितियों से अपना मन मुक्त करना जो हमें दुखी करती हैं।
3. विवेकपूर्ण जीवन जीना – सही और गलत में अंतर कर पाना, और सही मार्ग को चुनना।
4. सेवा और प्रेम में जीना – दूसरों के कल्याण में अपना सुख देखना।

### सच्चा स्वतंत्र भारत कैसा हो

एक राष्ट्र तभी वास्तव में स्वतंत्र है जब
1. नागरिक मानसिक व भावनात्मक रूप से स्वतंत्र हों। लोग भय, लालच, जात-पात, अंधविश्वास और नफरत से ऊपर उठें।
2. शिक्षा केवल नौकरी पाने का साधन न होकर, जीवन का उद्देश्य समझाने वाली हो।
3. हर नागरिक को बिना भेदभाव के समान अवसर और न्याय मिले।
4. भौतिक प्रगति के साथ-साथ आध्यात्मिक चेतना का भी विकास हो।

### हमें कैसे जीना चाहिए

1. अपने विचारों के स्वामी बनें – भीड़, अफवाह या सोशल मीडिया से अंधाधुंध प्रभावित न हों।
2. कृतज्ञता और सेवा में रहें – देने की भावना से जीने पर भीतर के बंधन टूटते हैं।
3. अनुशासन और आत्मसंयम रखें – क्योंकि स्वतंत्रता बिना अनुशासन के अराजकता बन जाती है।
4. आध्यात्मिक अभ्यास करें – जैसे जप, ध्यान और सत्संग, जिससे मन शांत और मुक्त होता है।
5. स्वतंत्रता केवल "मुझे जो करना है, करने का अधिकार" नहीं है।

असली स्वतंत्रता है – "मैं वही करूँ जो सही है, और उसे करने में कोई भय, बाधा या बंधन न हो।"
जब प्रत्येक नागरिक भीतर से शुद्ध, विवेकवान और सेवा-भाव से पूर्ण होगा, तब भारत न केवल राजनीतिक रूप से, बल्कि आत्मिक रूप से भी स्वतंत्र होगा। यही वह सच्चा स्वतंत्र भारत है, जिसकी ओर हमें बढ़ना चाहिए। (veenavlogs@gmail.com)



## फेसबुक वॉल से





## एक्स से





## आज का दोहा

राम काज में अड़चनें, डाले रहें हमेश।
'कालनेमि' हर ओर हैं, धर कर ऋषि सा वेश।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# यशोदानंदन नटखट श्री कृष्ण

धर्म की बात



डॉ. रीना रवि मालपानी

ममता के माधुर्य का अनूठा रसास्वादन कराने वाले श्री कृष्ण की महिमा अवर्णनीय है। इतना मनमोहक बालक जिसका जन्म आज तक हर माँ की ममता को मोहित कर देता है। ऐसा अनूठा बालक जिसकी लीलाएँ माँ के हृदय को अचंभित और आश्चर्यचकित कर देती है और एक अलौकिक दुनिया में ममत्व की पराकाष्ठा का उन्नयन करती है। ऐसा बालक जो अपने लीलाओं से माँ को सदैव चिंतित बनाता है और राक्षसों का क्षण भर में संहार कर नारायण की शक्ति को उजागर करता है। संकल्प मात्र से हर वस्तु प्रकट करने वाला नन्हा बालक मईया के कहने पर गौ चराता है। गाय का पालन करता है और गोपाल कहलाता है। भाव को अर्पित करने वाली गोपियों के साथ रास करता है। जिस अद्वितीय बालक की मनमोहक छवि का दर्शन करने स्वयं कैलाशपति महादेव प्रतीक्षा करते है। प्रभु किसी विशेष चीज से प्रसन्न नहीं होते है, समस्त द्रव्यावली सिर्फ हमें भाव से जुड़ने को प्रेरित करती है क्योंकि प्रभु के लिए दुनिया की प्रत्येक वस्तु तुच्छ है, पर भाव से अर्पित करने पर उन्हें विदुर का साग और शबरी के झूठे बेर भी सहर्ष स्वीकार होते है। जिस कृष्ण ने पूतना, बकासुर, अघासुर जैसे दैत्यों का नाश किया पर वही कृष्ण लीला को परिपूर्णता से निर्वहन करते हुए अपने माता-पिता को एक निश्चित अवधि के उपरांत ही कारावास से मुक्त करवाया, क्योंकि कृष्ण लीला में सुख-दुःख का समन्वय निहित है। प्रत्येक गोपी के मन में मातृत्व प्रेम जगाने वाले श्री कृष्ण माखनचोर बन उनके साथ क्रीड़ा करते है। श्यामवरण होने के बावजूद कितने सम्मोहक बालक थे श्री कृष्ण, क्योंकि वे समता के भाव का प्रदर्शन करना चाहते थे। स्नेह, करुणा, ममता के भावों से प्रफुल्लित करने वाले नन्हें बालक श्री कृष्ण की माँ बनने का सौभाग्य तो हर माँ चाहती है, इसलिए वह मातृत्व की परिधि को कृष्ण लीला की ऊँचाइयों का स्पर्श कराना चाहती है। मथुरा में जन्मे श्री कृष्ण अपना बाल लीलाओं का निर्वहन करते हुए वृन्दावन, नन्दगाँव, गोकुल में अपना बाल्यकाल पूर्ण करते है। कृष्ण अपनी लीलाओं के अनुरूप विभिन्न नामों से सुशोभित होते है। मुरलीधर, माखनचोर, नंदलाला, माधव, केशव, मधुसूदन, गोविंदा, मोहन, घनश्याम, कन्हैया, कान्हा हर स्वरूप में अपनी अविस्मरणीय छवि से शोभित होते है। कृष्ण शब्द स्वयं आकर्षण स्वरूप है। वे हर किसी को आकर्षक एवं प्रिय लगते थे। गोपियाँ कान्हा से मिलने के लिए आधी रात को घर छोड़ दिया करती थी। ये सभी गोपियाँ पूर्व जन्म में संत स्वरूप थी। जब हम भगवान के शरणागत हो जाते है तब वे भक्त की मनोकामना पूर्ण करने के लिए हर स्वरूप धारण करते है। पुत्र, प्रेमी, प्रभु, सखा इत्यादि। जब कृष्ण का जन्म हुआ तब सब ने यही कहा कि नन्द के यहाँ आनंद स्वरूप ने जन्म लिया, जो सबको आनंद की अद्वितीय अनुभूति कराएगा। हमारा स्वभाव है कि हम ईश्वर को सदैव दुःख के समय याद करते है और भक्त वत्सल भगवान, करुणा के अवतार भगवान हमें तब भी स्वीकार कर लेते है। गज की पुकार पर नारायण त्वरित प्रकट होते है और सशरीर उसे मोक्ष प्रदान करते है इसके साथ ही वे मगर का भी उद्धार करते है, अर्थात जो भगवान के भक्तों के चरण पकड़ता है उसका उद्धार भी निश्चित होता है। द्रौपदी ने जब गोविंद को पुकारा और श्री कृष्ण के प्रति समर्पित हो गई तब श्री कृष्ण द्रौपदी के रक्षक बन गए, क्योंकि भगवान श्री कृष्ण कहते है कि मेरे भक्त का मैं कभी पतन नहीं होने देता। द्रौपदी को जब तक भीष्म, द्रौण, पांडवों पर विश्वास था तब तक वही दुःखी थी, परंतु जब गोविंद की शरणागति हो गई, तो वह निश्चिंत हो गई, अर्थात मेरी लाज भी तेरी और सम्मान भी तेरा। मीरा जी तो श्री कृष्ण की मूर्ति में ही प्रभु दर्शन करने लगी और जनमानस द्वारा बावरी की संज्ञा देना भी स्वीकार किया। भक्ति की उत्कृष्टता में कृष्ण के प्रसाद में विष को भी सहर्ष स्वीकार किया और उसी गोविंद ने उस विष को भी अमृत कर दिया। भक्त चरित्र में नरसिंह जी कृष्ण के निश्छल पुजारी थे। भात भरने के लिए उन्होने गोविंद से आस लगाई और गोविंद ने कुबेर का भंडार भर दिया। पूरी दुनिया उनकी भक्ति की श्रेष्ठता की प्रशंसा करने लगी। ईश्वर के प्रति पूर्णरुपेण समर्पण ही भक्ति की पराकाष्ठा है। प्रत्येक क्षण में प्रभु की कृपा का स्मरण करना ही जीवन की श्रेष्ठता है। श्री कृष्ण का बाल स्वरूप जीवन में दया, प्रेम, करुणा, आनंद, उल्लास के बीज अंकुरित करने के लिए प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पर जन्म लेता है और हमारे जीवन को आनंद उत्सव बनाता है। जय जय श्री राधे।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### किश्तवाड़ में बादल फटने पर अमित शाह ने की सीएम उमर अब्दुल्ला से बात

# हर संभव मदद का भरोसा दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली श्रीनगर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना के बाद जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से फोन पर बात की है। इस दौरान, गृह मंत्री ने भरोसा दिया कि केंद्र सरकार हर परिस्थिति में जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है।

अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य कर रहा है। एनडीआरएफ की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हम स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं और हर परिस्थिति में जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ मजबूती से खड़े हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।"किश्तवाड़ के चशोती इलाके में गुरुवार को बादल फटने के बाद अचानक बाढ़ आई। स्थानीय विधायक सुनील शर्मा ने बताया कि यह घटना उस जगह पर हुई, जहां श्री मचैल यात्रा के लिए चार पहिया वाहन खड़े होते हैं और कई अस्थायी दुकानें लगी हुई हैं। एडीसी किश्तवाड़ के अनुसार, श्री मचैल यात्रा अगली सूचना तक स्थगित कर दी गई है।स्थानीय पुलिस-प्रशासन के अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां बड़े पैमाने पर राहत व बचाव कार्य जुटी हैं। एनडीआरएफ ने एक बयान में कहा कि उपकरणों से लैस दो टीमों के लगभग 180 सदस्यों को उधमपुर बेस से रवाना किया गया है।



### अमित शाह को दी जानकारी, राहत कार्य जारी

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानकारी दी कि उन्होंने अमित शाह को किश्तवाड़ क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया है। उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "मैंने अभी-अभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और किश्तवाड़ की स्थिति से अवगत कराया। खबर गंभीर और सटीक है, बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र से सत्यापित जानकारी आने में देरी हो रही है। बचाव कार्यों के प्रबंधन के लिए जम्मू-कश्मीर के भीतर और बाहर से सभी संभव संसाधन जुटाए जा रहे हैं।"मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि वह किसी चैनल या समाचार एजेंसी से बात नहीं करेंगे। घटना को लेकर सरकार जब भी संभव होगा, जानकारी साझा करेगी।

## राहुल गांधी 'वोट अधिकार यात्रा' में बिहार के नेताओं का नाम नहीं, भाजपा-जदयू ने उठाए सवाल

**एजेंसी। पटना**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के 17 अगस्त से प्रस्तावित वोट अधिकार यात्रा को लेकर भाजपा और जदयू ने जोरदार निशाना साधा है। इन दोनों पार्टियों के नेताओं ने कहा कि यह यात्रा बिहार के मतदाताओं के मतदान अधिकार को लेकर है, लेकिन इस यात्रा के जिला समन्वयकों की सूची में एक भी बिहार के नेता का नाम नहीं है।

दरअसल, राहुल गांधी की यह यात्रा रोहतास जिले से शुरू होगी और विभिन्न जिलों में जाएगी। कांग्रेस ने इस यात्रा को लेकर 25 जिलों में एक-एक समन्वयक की नियुक्ति की है। इसे लेकर अब सवाल उठाए जा रहे हैं। भाजपा और जदयू का कहना है कि जिन नेताओं को समन्वयक के तौर पर नियुक्ति की गई है, उनमें से एक भी बिहार के नहीं हैं।



जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि यह यात्रा बिहार में होनी है, लेकिन इसकी जिम्मेदारी बिहार के नेताओं को नहीं दी गई है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या बिहार के लोग प्रबंधन नहीं कर सकते थे? उन्होंने कहा, " वे बिहार के लिए आ रहे हैं और बिहार के नेताओं की राजनीतिक योग्यता की बलि चढ़ा दी।

यह साफ है कि उन्हें बिहारियों पर भरोसा नहीं है। बिहारी कभी बोझ नहीं बनता।" उन्होंने कहा कि इस समन्वयकों की सूची में 25 नाम हैं, लेकिन एक भी बिहार के नेता के नाम नहीं हैं। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि राहुल गांधी बिहार आ रहे हैं, वे यहां कम से कम 25 जिलों में जाएंगे, लेकिन समन्वयक अन्य राज्यों के नेताओं को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बिहारियों से इतनी नफरत हो गई है? उन्होंने कहा कि रोहतास में पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में भीड़ नहीं पहुंची थी, इस कारण बिहारियों से यह कांग्रेस की नफरत है।

## तरुण चुघ का तंज, सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में कैसे शामिल हुआ

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी की नागरिकता को लेकर हमला किया। उन्होंने कहा कि वह कई साल तक प्रधानमंत्री निवास में विदेशी नागरिकता के साथ रहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री निवास में इटली की नागरिक होकर फर्जी वोट बनाना सबसे बड़ा घोटाला और धोखा था। तरुण चुघ ने कहा कि देश राहुल गांधी से जानना चाहता है कि सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में कैसे शामिल किया गया, जबकि वह भारतीय नागरिक बनने से पहले विदेशी नागरिक थीं।

उन्होंने आईएएनएस से बातचीत के दौरान सवाल किया कि राहुल जी देश जानना चाहता है कि आपकी माताजी विदेशी नागरिक रहते हुए कई साल भारत के प्रधानमंत्री के निवास यानी जहां देश के सभी गोपनीय फैसले होते हैं, वहां पर 15 साल तक रहीं। इस कार्यकाल के दौरान 1971 का युद्ध हुआ, उसकी चर्चा वहां होती थी, आपातकाल की तैयारी हो रही थी। इस कार्यकाल में देश के कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। सोनिया गांधी इटली की नागरिक के रूप में पीएम आवास में रहीं। प्रधानमंत्री निवास में इटली की नागरिक होकर फर्जी वोट बनाना देश के साथ सबसे बड़ा घोटाला और धोखा था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार झूठ और भ्रम फैला रहे हैं। अगर चाय ही पीना है तो 1971 के वीर सैनिक युद्ध के दौरान पाकिस्तान में युद्धबंदी बन गए, उनके परिवार के साथ पीना चाहिए। पाकिस्तान के सैनिक तो छोड़ दिए, लेकिन भारतीय सेना के बारे में एक शब्द भी नहीं बोले। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चाय ही पीना है तो उनके आवास से कुछ दूरी पर 1984 सिख दंगे की शिकार विधवाओं की कॉलोनी है। कभी उन परिवार के बच्चों के साथ भी चाय पीने जाएं। भोपाल गैस कांड के आरोपी को आपके खानदान ने विदेश भगाया था। उन्होंने एसआईआर को लेकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की प्रक्रिया को मतदाता हितैषी बताकर राहुल गांधी सहित इंडी गठबंधन के झूठ और भय की सियासत को खत्म कर दिया।

### स्वतंत्रता दिवस : छावनी में तब्दील हुआ लाल किला, ज्वाइंट सीपी बोले-

# लाल किले पर 20,000 से ज्यादा जवान तैनात

**एजेंसी। नई दिल्ली**



- लाल किला और आसपास के इलाकों में सुरक्षा चाक-चौबंद
- स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली में सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। लाल किले पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।
- 20,000 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात
- दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों को मिलाकर कुल 20,000 से अधिक जवान राजधानी के विभिन्न हिस्सों में तैनात हैं।
- सीसीटीवी और वीडियो एनालिटिक्स का उपयोग वीवीआईपी मार्गों और लाल किले के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस बार चेहरे की पहचान, छोड़ी गई वस्तुओं की पहचान और भीड़ की गिनती जैसे वीडियो एनालिटिक्स फीचर जोड़े गए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस से पहले लाल किले समेत कई जगहों पर सुरक्षा-व्यवस्था को कड़ी कर दिया गया है। दिल्ली में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है और पुलिस द्वारा चेकिंग भी की जा रही है। इस बीच, दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर मधुर वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर किए गए इंतजामों के बारे में जानकारी दी। दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर मधुर वर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली पुलिस ने 15 अगस्त को लाल किले पर होने वाले कार्यक्रम के लिए सभी इंतजाम कर लिए हैं। लाल किले पर उचित प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था है और दिल्ली पुलिस द्वारा नियमित जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस और अन्य अर्धसैनिक बलों को मिलाकर, 20,000 से ज्यादा जवान तैनात किए गए हैं।"

उन्होंने कहा, "स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस हर स्तर पर सुरक्षा को और मजबूत कर रही है। लाल किले और उसके आसपास सभी वीवीआईपी रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस बार हमने सीसीटीवी कैमरों में वीडियो एनालिटिक्स का भी इस्तेमाल किया है, जिसमें चेहरे की पहचान प्रणाली, छोड़ी गई वस्तुओं का पता लगाना और लोगों की गिनती करना शामिल है। पहली बार पार्किंग में भी अंडर व्हीकल स्कैनिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया है। हमने लाल किले पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है। इसके अलावा, मल्टी एजेंसी के साथ कॉर्डिनेट करके दिल्ली पुलिस ने एंटी ड्रोन अरेंजमेंट भी किया है।"

ज्वाइंट कमिश्नर मधुर वर्मा ने बताया कि अनुमानित तौर पर 20 से 25 हजार गेस्ट लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखने के लिए पहुंचते हैं, जिनमें वीआईपी गेस्ट और आम जनता भी शामिल है। मैं लोगों से अपील करूंगा कि वह कार्यक्रम स्थल पर सुबह 6 से 6:30 के बीच पहुंचे। इसके बाद वीवीआईपी मूवमेंट शुरू हो जाएगा और रोड पर आवाजाही भी प्रतिबंधित भी रहेगी।

मधुर वर्मा ने कहा, "दिल्ली पुलिस ने चांदनी चौक, कश्मीरी गेट और जामा मस्जिद के पास सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाया है। दिल्ली पुलिस के पास इस इलाके में रहने वाले लोगों की फोटो समेत सभी जानकारी पहले से ही मौजूद है। साथ ही, लाल किले के पास मौजूद हाई राइज बिल्डिंगों में भी दिल्ली पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी।"

पेज 1 के शेष

### हमारे लिए संविधान...

उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जो लोग गरीबी रेखा से ऊपर तो आ गए हैं, लेकिन मजबूत स्थिति में नहीं हैं, उनको भी ऐसी योजनाओं की सुरक्षा उपलब्ध है, ताकि वे फिर से गरीबी रेखा से नीचे न चले जाएं। राष्ट्रपति ने कहा कि कश्मीर घाटी में रेल-संपर्क का शुभारंभ करना, एक प्रमुख उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अपनी तरह की विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य-सेवा योजना, 'आयुष्मान भारत' के अंतर्गत, विभिन्न कदम उठाए गए हैं। उन प्रयासों के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, हम क्रांतिकारी बदलाव देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में यह स्वाभाविक है कि भारत में सबसे अधिक प्रगति, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हुई है। लगभग सभी गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है। शेष कुछ हजार गांवों में भी यह सुविधा शीघ्र ही पहुंचा दी जाएगी। इससे डिजिटल भुगतान तकनीकी को बड़े पैमाने पर अपनाना संभव हो पाया है। डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत, कम समय में ही, विश्व का अग्रणी देश बन गया है।

'ऑपरेशन सिंदूर' में शामिल नौ वायुसेना अधिकारियों को वीर चक्र : 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फाइटर पायलटों समेत भारतीय वायुसेना के नौ सैनिकों को वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय वायुसेना के इन अधिकारियों ने पाकिस्तान को धूल चटाई थी। साथ ही, भारतीय वायुसेना के 26 अधिकारियों और सैनिकों को वायु सेना पदक (वीरता) से नवाजा गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' में मुरीदके और बहावलपुर में आतंकवादी समूहों के मुख्यालयों और पाकिस्तानी सैन्य संपत्तियों को निशाना बनाने वाले फाइटर पायलटों सहित नौ भारतीय वायुसेना अधिकारियों को वीर चक्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान युद्धकालीन वीरता का तीसरा सर्वोच्च पदक है। भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन रणजीत सिंह सिद्धू, ग्रुप कैप्टन मनीष अरोड़ा, ग्रुप कैप्टन अनिमेष पाटनी, ग्रुप कैप्टन कुणाल कालरा, विंग कमांडर जॉय चंद्रा, स्क्वाड्रन लीडर सार्थक कुमार, स्क्वाड्रन लीडर सिद्धांत सिंह, स्क्वाड्रन लीडर रिजवान मलिक और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शवीर सिंह ठाकुर को वीर चक्र से सम्मानित किया गया है।

### केंद्र ने स्वतंत्रता...

इन सभी को लातेहार जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान अदम्य साहस, बहादुरी एवं कर्तव्यपरायणता का परिचय देने के लिए सम्मान दिया गया है। ज्ञात हो कि 04 जून 2018 को लातेहार जिला के छिपादोहर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम जोबे के पास पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में 01 कुख्यात उग्रवादी मारा गया एवं हथियार, गोली बरामद किया गया था। विशिष्ट सेवा के लिए हवलदार कैलाश कुमार श्रेष्ठा को सम्मानित किया गया है। वहीं, सराहनीय सेवा के लिए अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, मनोज कुमार रॉय, पुलिस उपाधीक्षक, पुनि असीत कुमार मोदी, सअनि दीपक पुंज, सअनि महेंद्र महतो, हवलदार विजय थापा, हवलदार रंजीता कुजूर, आरक्षी विदेशी मांझी, आरक्षी अजय कुमार दुबे, आरक्षी पुष्पा ओरिया और आरक्षी दीपक कुमार सिंह को सम्मानित किया गया है।

### जम्मू-कश्मीर के...

इस बीच, जम्मू संभागीय आयुक्त कार्यालय ने प्रभावित लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने बचाव एवं राहत अभियान को तेज करने और प्रभावितों को हर संभव सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। एसडीआरएफ के एडीजीपी के अनुसार, किश्तवाड़ आपदा में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा घायल हैं। कुछ घायलों को किश्तवाड़ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जम्मू जोन के आईजीपी भीमसेन टूटी ने समाचार एजेंसी से बातचीत में बताया कि किश्तवाड़ में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, चशोती, किश्तवाड़ में बादल फटने से व्यथित हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। इधर, बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित लोगों के प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवेदना व्यक्त की है। दोनों ने आपदा में जान गंवाने वालों के प्रति दुख जाहिर किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और राहत तथा बचाव कार्य में सफलता की कामना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

## ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान में आतंकी अड्डे मिटाने वाले वायुसेना के नौ जांबाज वीर चक्र से सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्वतंत्रता दिवस के जश्न की शुरुआत के साथ ही, केंद्र ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राष्ट्र की सेवा में उनके बहादुर योगदान के लिए नौ भारतीय वायु सेना अधिकारियों को वीर चक्र से सम्मानित किया। नौ भारतीय वायु सेना अधिकारियों को वीर चक्र से सम्मानित किया गया है, जिनमें लड़ाकू पायलट भी शामिल हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकवादी समूहों के मुख्यालयों और पड़ोसी देश की सैन्य संपत्तियों को निशाना बनाया था।ग्रुप कैप्टन (जीपी) रणजीत सिंह सिद्धू, मनीष अरोड़ा, अनिमेष पाटनी, कुणाल कालरा, विंग कमांडर (डब्ल्यूजी सीडीआर) जॉय चंद्रा, स्क्वाड्रन लीडर (स्क्वाड्रन लीडर) सार्थक कुमार, सिद्धांत सिंह, रिजवान मलिक, फ्लाइट लेफ्टिनेंट (एफएलटी एलटी) अर्शवीर सिंह ठाकुर को वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। भारतीय वायु सेना ने इस कार्रवाई में कम से कम छह पाकिस्तानी विमानों को मार गिराया है। वीर चक्र एक सैन्य वीरता पुरस्कार है जो युद्ध के नायकों को युद्ध के मैदान में उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए दिया जाता है। यह परमवीर चक्र और महावीर चक्र के बाद तीसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है।यह पुरस्कार एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के कम से कम पाँच लड़ाकू विमानों को मार गिराया और एक बड़े विमान को भी मार गिराया जो लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से गिराया गया था। उन्होंने कहा कि जिस विमान को मार गिराया गया, वह अब तक का सबसे बड़ा सतह से हवा में मार करने वाला विमान है जिसके बारे में हम बात कर सकते हैं।वायुसेना प्रमुख, जिन्होंने शनिवार को एयर चीफ मार्शल एलएम कात्रे मेमोरियल लेक्चर के 16वें संस्करण में मुख्य भाषण दिया, ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल समापन की सराहना की और आधुनिक सैन्य संघर्षों में वायु शक्ति की प्रधानता और राष्ट्रीय सुरक्षा में इसके महत्व को रेखांकित किया। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, "हमारे पास कम से कम पाँच लड़ाकू विमानों के मार गिराने की पुष्टि हुई है और एक बड़ा विमान, जो या तो एक इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विमान या एक एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल विमान हो सकता है, लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से उड़ाया गया था। यह वास्तव में अब तक का सबसे बड़ा सतह से हवा में मार गिराने का रिकॉर्ड है जिसके बारे में हम बात कर सकते हैं।"

### दो अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार, सात बाइक बरामद

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना जेवर पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियों की पहचान अभिषेक सिंह, निवासी नगला भूरिया थाना मगोर्रा, जनपद मथुरा और कृष अग्रवाल, निवासी करनपुर, थाना गभाना, जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है। इनकी गिरफ्तारी ग्राम मेहंदीपुर, गोपालगढ़ रोड से की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 7 मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जबकि अभियुक्त कृष के पास से एक अवैध तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस भी मिला।बरामद मोटरसाइकिलों में दिल्ली और गौतमबुद्धनगर से चोरी हुई बुलेट, स्प्लेंडर प्लस और एचएफ डिलक्स जैसी बाइकें शामिल हैं। इन वाहनों के संबंध में दिल्ली के ई-थाना और नोएडा के विभिन्न थानों में पहले से एफआईआर दर्ज हैं।

## फर्जी मतदाताओं को लिस्ट से हटाने के लिए एसआईआर महत्वपूर्ण कदम : संजय उपाध्याय

**एजेंसी। मुंबई**



भाजपा विधायक संजय उपाध्याय ने राजद सांसद मनोज झा के बिहार में चुनाव के बहिष्कार के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने फर्जी वोटरों को लिस्ट से हटाने के लिए एसआईआर को महत्वपूर्ण कदम करार दिया। संजय उपाध्याय ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि एसआईआर के माध्यम से बिहार में प्रत्येक मतदाता का सत्यापन हो रहा है, फर्जी गतिविधियों पर रोक लग रही है और सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे स्वीकार किया है। मतदाता सूची शुद्धिकरण प्रक्रिया फर्जी वोटरों को हटाने का महत्वपूर्ण कदम है। बिहार में एसआईआर के तहत हर मतदाता का सत्यापन हो रहा है, जिससे फर्जी वोटर खत्म हो रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर यह सही है तो राजद को आपत्ति क्यों है? उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि डर उनके फर्जी वोटर प्लान के खुलासे का है। राहुल गांधी के उदाहरण से उन्होंने कांग्रेस और राजद के 'दोहरापन' की आलोचना की और विपक्ष पर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी लगातार वीर सावरकर का अपमान करते रहे हैं और कई मुद्दों पर अदालत से माफी मांग चुके हैं। राहुल गांधी देश को गुमराह करते हैं और खुद की महात्मा गांधी से तुलना करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि दोनों में बड़ा अंतर है, जिसे छोटा बच्चा भी समझ सकता है।उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि अब तो माता-पिता भी अपने बच्चों का नाम राहुल रखने से कतराते हैं। राहुल सिर्फ सुर्खियों के लिए बयान देते हैं, जबकि उनकी सुरक्षा एजेंसियों के पास है। मौजूदा सरकार में सभी सुरक्षित हैं।

उन्होंने 'तिरंगा यात्रा' को लेकर कहा कि भाजपा का अर्थ है, 'भारत माता की जय' और जो भारत को मां मानता है, वही सच्चा भारतीय है। भाजपा देश के प्रति वफादार है। तिरंगे और राष्ट्र के सम्मान में 'तिरंगा यात्रा' निकालती है। उन्होंने सवाल किया कि विपक्ष को इससे क्या आपत्ति है, क्या उन्हें तिरंगे, देश या राष्ट्रभक्ति से दिक्कत है? यदि नहीं, तो उन्हें कौन रोक रहा है? क्या वे पाकिस्तान की यात्रा निकालना चाहते हैं?छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड का भाजपा नेता संजय उपाध्याय ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मस्जिद, मंदिर, घर और गुरुद्वारा देश की संपत्ति हैं। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत हर धर्मस्थल, घर और गुरुद्वारे पर तिरंगा लगाया जाना चाहिए। मस्जिदों को भी इस पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

## राजद कभी भी चुनाव का बहिष्कार नहीं कर सकती : नीरज कुमार

**एजेंसी। पटना**



बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के एमएलसी दिनेश सिंह के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का दावा किया। उन्होंने इसे 'वोट घोटाला' करार देते हुए सरकार और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का आरोप लगाया। इसके जवाब में जदयू नेता नीरज कुमार ने पलटवार करते हुए तेजस्वी पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची में ऐसी गड़बड़ियों, जैसे दोहरे वोटर कार्ड, को ठीक करना है।आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने तेजस्वी के दावों को खारिज करते हुए उनके उपनाम 'तरुण यादव' के जरिए संपत्ति और दोहरे वोटर कार्ड के मामले को उठाया। साथ ही उनके चुनावी हलफनामे में उम्र और अन्य विवरणों में विसंगतियों पर भी सवाल खड़े किए।

तेजस्वी के चुनाव बहिष्कार वाले बयान पर नीरज कुमार ने कहा कि राजद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में शराब कंपनियों से 46 करोड़ 64 लाख रुपए का चंदा लिया। राजद के लिए तो चुनाव लाभ पाने का एक जरिया है। ऐसे में वह कभी भी चुनाव के बहिष्कार की बात नहीं सोच सकते हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का निर्देश जारी किया है। इस पर जदयू प्रवक्ता ने कहा कि लोग हर जगह तिरंगा फहराते हैं, और इसे धर्म से जोड़कर नहीं देखना चाहिए और न ही भेदभाव करना चाहिए।

**चुनाव आयोग** 'राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं'

# विपक्ष के नेता पर किरेन रिजिजू का तंज

- मतदाताओं वाले वीडियो को रिजिजू ने राजनीतिक नाटक करार दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मीडिया से बात करते हुए, रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने संविधान नहीं पढ़ा है और न ही उसका सम्मान करते हैं। मेरे पास राहुल गांधी को सुधारने के लिए कोई दवा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद उन्हें होश में आना चाहिए।



### चुनाव आयोग से 'मृत' घोषित वोटरों से की मुलाकात

राहुल गांधी ने बुधवार को बिहार के कुछ 'मृत' मतदाताओं के साथ चाय पीते हुए एक वीडियो साझा किया और इस "अनूठे" अनुभव के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। मतदाताओं के एक समूह ने कांग्रेस सांसद से मुलाकात की और बताया कि कैसे चुनाव आयोग ने उन्हें "मृत" घोषित कर दिया और कैसे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए।

रिजिजू बिहार में एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का हवाला दे रहे थे, जिसमें चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में संशोधन को सही ठहराया गया था और यह स्वीकार किया गया था कि आधार कार्ड नागरिकता का निर्णायक प्रमाण नहीं है। कांग्रेस में कई बुद्धिमान लोगों की मौजूदगी का ज़िक्र करते हुए, किरण रिजिजू ने उनसे राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देने का अनुरोध किया। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि कांग्रेस में भी कुछ चतुर लोग हैं; सभी राहुल गांधी जैसे नहीं हैं। उन्हें एकजुट होकर राहुल गांधी को कुछ सद्बुद्धि देनी चाहिए।

राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए उस वीडियो के बारे में, जिसमें वे चुनाव आयोग द्वारा मृत घोषित किए गए लोगों से मिले थे, किरण रिजिजू ने इसे नाटक बताते हुए दोहराया कि चुनाव आयोग का काम मृत लोगों के नाम हटाना और नए मतदाताओं के नाम जोड़ना है। रिजिजू ने कहा कि चुनाव आयोग के 3-4 दिशानिर्देश हैं। हर राज्य में चुनाव आयुक्त अधिकारी होते हैं जो राज्य सरकार के अधीन होते हैं। वे चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची तैयार करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एसआईआर की प्रक्रिया आज़ादी के बाद से चली आ रही है और होनी भी चाहिए।

# बरकट्ठा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा में गूंजे, देशभक्ति गीत

नवीन मेल संवाददाता

**बरकट्ठा।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर गुरुवार को बरकट्ठा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का नेतृत्व विधायक अमित कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद अन्नपूर्णा देवी शामिल थी। इस दौरान सैकड़ों लोग हाथों में तिरंगा थामे और बाइक पर सवार होकर कार्यक्रम में शामिल हुए। पूरे रास्ते में देशभक्ति गीतों की गूंज ने माहौल को रोमांचक बना दिया।तिरंगा यात्रा में भाजपा नेता बिंदु सोनी, मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, रीतालाल प्रसाद, राजकुमार चौधरी, रवि गोस्वामी, राजकुमार यादव, अनिल आजाद, बिरेंद्र शर्मा, लोकनाथ राणा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।वहीं यात्रा बरकट्ठा चौक से शुरू होकर गोरहर थाना, गुंजरा मोड़ होते हुए वापस बरकट्ठा चौक पहुंची। इस दौरान डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य झांकी प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।



## आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने डाड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**गिद्दी।** आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने गुरुवार को डाड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष मांगों को लेकर प्रदर्शन और सभा की। अध्यक्षता पति लाल मरांडी ने की। जबकि सभा को सोहराय मांझी, मानाराम मांझी, रस्का मांझी, सुरेश बेदिया, मोती राम सोरेन ने संबोधित किया। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल ने डाड़ी बीडीओ को 16 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें खनन और औधौगिकरण के नाम पर आदिवासियों के जल जंगल जमीन की कॉरपोरेट लूट पर रोक लगाने, 9अगस्त आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित कराने, संविधान में आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करने, डाड़ी प्रखंड अंतर्गत आदिवासी पंचायत में टोलों में आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना करने और खेलकूद के लिए मैदान बनाने, आदिवासी के उपर से झूठे मुकदमें वापस लेकर रिहा करने, आदिवासियों की हड़पी गई जमीन वापस कराने, सभी आदिवासी गांवों में बुनियादी सुविधा बहाल करने सहित अन्य मांग शामिल है। जबकि धरना प्रदर्शन में चमन गंझू, धनु टुडू, छोटेलाल मांझी, जोगवा मांझी, गोपाल मांझी, रोहित किस्कू, जूनु किस्कु आदि उपस्थित थे।

## भाकपा-माले ने किसानों पर लाठी चार्ज के बिरोध में प्रतिरोध सभा किया

**गिद्दी।** भाकपा-माले कार्यकर्ताओं ने बड़कागांव के किसानों पर लाठी चार्ज के बिरोध में बुधवार को गिद्दी चौक में प्रतिरोध सभा किया। इसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सईद अंसारी ने की। जबकि भाकपा-माले के हजारीबाग जिला सचिव पच्चु राणा और अखिल भारतीय किसान महासभा के नेता राजेंद्र गोप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कम्पनी और प्रशासन लाठी गोली के बल पर किसानों का जमीन छीनने का प्रयास कर रही है।

जिसकी भाकपा भाकपा माले कड़े शब्दों में निंदा करती है। सभा को उमेश राम, महेश बेदिया, सुरेश बेदिया, धनंजय सिंह, कैलाश महतो, सुंदरलाल बेदिया, रस्का मांझी आदि ने भी संबोधित किया।वक्ताओं ने कहा इससे पूर्व भी ग्रामिणों और प्रशासन के बीच कई बार झड़प और लाठी चार्ज, फायरिंग और गिरफ्तारी हो चुकी है।

### नए सॉफ्टवेयर लागू होने से हो रही परेशानी

# विरोध में डाक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** गुरुवार को प्रधान डाकघर रामगढ़ में भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ बीएमएस संगठन रामगढ़ के संयोजक पोस्टमास्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में झारखंड परमंडलीय सचिव प्रभात रंजन के आह्वान पर सभी कर्मचारियों ने आईटी 2.0 के सही ढंग से काम नहीं करने के विरोध में काली पट्टी बांध कर अपने कार्यालय में काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान डाकघर रामगढ़ के पोस्टमास्टर मनोज कुमार, सहायक पोस्टमास्टर रविशंकर राय, डाक सहायक शम्भु दत् सिंह, दीपक कुमार पटेल, प्रशांत कुमार सिंह, अरुण कुमार, संतोष कुमार, राजकपूर कुमार, राकेश कुमार, विकास कुमार राय, आदर्श अनिकेत, अमन कुमार, सुशील कुमार साह, सौरव कुमार, चंदन कुमार समेत अन्य डाक कर्मचारी शामिल हुए। सभी डाक कर्मचारियों ने कहा कि संचार मंत्रालय ने जो नया सॉफ्टवेयर आईटी 2.0 बनाया है। उसके काम करने की गतिविधि इतनी ज्यादा खराब है कि हमारे डाक विभाग के ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना कर पड़ रहा है। लोग राखी भी सही समय से अपने सगे संबंधियों के पास नहीं भेज पाए। प्रतिदिन ग्राहकों को जमा, निकासी, पैसा फिक्स्ड करने में काफी परेशानी हो रही है। डाक कर्मचारियों ने कहा कि हमलोग से ग्राहकों से रोज कहा सुनी हो रही है। सरकार को इसमें सुधार करने की आवश्यकता है ताकि हमारे डाक विभाग के ग्राहकों को परेशानी न हो और जो विश्वास के साथ हमारे विभागीय काम के लिए ग्राहक हमारे पास आते हैं हम उनकी सेवा कर सकें। हम काम करने के लिए अपने कार्यालयों में आते हैं लेकिन नए सॉफ्टवेयर आईटी 2.0 की कमियों के कारण हमें लोगों की बातें सुनने पर अच्छा नहीं लगता है।



## रामगढ़ जिला को 1-5 तक के 89 शिक्षक मिले

**रामगढ़।** शिक्षकों की कमी से जूझ रहे रामगढ़ जिला के लिए राहत भरी खबर का सिलसिला लगातार जारी है। पूर्व में वर्ग 6 से 8 तक के मैथ-साइंस के लिए 26 शिक्षक मिले थे। जिसकी काउंसिलिंग की प्रक्रिया बुधवार को संपन्न हुई। साथ ही भाषा के 23 शिक्षकों का फोल्डर जिला को मिला है। जिसकी काउंसिलिंग के लिए जल्द ही तिथि निर्धारित होगा। इसके अलावा 1 से 5 तक के लिए 89 शिक्षकों का चयन रामगढ़ जिला के लिए हुआ है। जिला को जिसका फोल्डर मिलना शेष है। पूर्व में ही झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का परीक्षा परिणाम जारी हो गया है। जिसमें झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अन्तर्गत इण्टरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 01 से 05) का चयन हुआ है। इसमें रामगढ़ जिले के भी कई पारा शिक्षक व नॉन पारा का भी चयन हुआ है। जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने कहा कि रामगढ़ जिला में शिक्षकों की कमी जल्द दूर होगी।

## न्यूज बॉक्स

### झामुमों बरकट्ठा प्रखंड कमिटी ने शोक सभा आयोजित कर दिशोम गुरु की स्मृति में श्रद्धांजलि दी



**बरकट्ठा।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में दिशोम गुरु स्व.शिबू सोरेन की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। जिसमें प्रखंड कमिटी के नेताओं एवं पंचायत के पार्टी कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से दिशोम गुरु के छायाचित्र चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया एवं उन्हें नमन किया।वहीं झामुमो प्रखंड कार्यकर्त्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कुदुश अंसारी ने कहा कि दिशोम गुरु के चले जाने से आज पूरा झारखंड गम में है। हम सभी झारखंड अलग राज्य में रह रहे है वो गुरु जी की देन है।हम सभी जेएमएम के सिपाहियों ने आदरणीय गुरु जी को नम आंखों से श्रद्धांजलि दे रहे हैं। प्रखंड श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय सदस्य यासीन खान, वरिष्ठ नेता बासुदेव प्रसाद, सोशल मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, प्रखंड मीडिया प्रभारी चंद्रदीप पांडेय, झारखंड आंदोलनकारी राजकुमार नायक, मुखिया निजाम अंसारी, प्रखंड सचिव रामसहाय मांझी, उपाध्यक्ष राजाराम मांझी, शिबू मुर्मू, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, निजाम अंसारी, रामदेव चौधरी, राजकुमार प्रसाद, चन्द्रिका प्रसाद, राधा देवी, भुनेश्वर दास, सुजान बास्के, रुकनी देवी, सहदेव हेम्ब्रम, मो० कौशर, हासिम अंसारी, मीना देवी, भिखनी देवी, मो० अशरफ, मिनहाज खान, मकबूल अहमद, सत्तार खान, राजू खान, सरफराज अहमद समेत दर्जनों झामुमो कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

### बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा को लेकर कोनरा पंचाय प्रज्ञा केंद्र में लगेंगे विशेष कैंप




**बरही ।** खरीफ फसल 2025 के तहत अगहनी धान व भदई मकई के फसलों से जोखिम को राहत दिलाने के उद्देश्य से राज्य में बिरसा फसल बीमा किया जा रहा है. जिसके तहत किसानों को मात्र एक रुपए में उनके द्वारा लगाए गए खरीफ फसल का बीमा किया जा रहा है. जिसके तहत 75000 रुपए की राशि मिल सकते हैं. फसल आपदा की स्थिति में किसानो को क्षति पूर्ति मुआवजा उपलब्ध करवाया जा सके. इसके लिए सभी किसान अपने ग्राम पंचायत स्थित प्रज्ञा केंद्र से एक रुपए का टोकन कटवाकर फसल बीमा करवा सकते हैं. उक्त जानकारी कोनरा पंचायत स्थित प्रज्ञा केंद्र संचालक जयदीप कुमार सिन्हा ने कही. फसल बीमा के लिए किसान उनके केंद्र पर पूर्वाह्न 10 बजे से 4 बजे तक संपर्क का कर सकते हैं. 18 अगस्त से इसके लिए पंचायत भवन में विशेष शिविर लगाकर फसल बीमा किए जाएंगे. उन्होंने पंचायत के सभी किसानों को अपने खरीफ फसल की बीमा करवाने का अपील किया है. जिससे विपरित परिस्थिति में उन्हे नुकसान नहीं सहना पड़े।

### रोटरी सेंट्रल रामगढ़ ने विद्यालय के बच्चों के बीच बांटा छाता

**रामगढ़।** रोटरी सेंट्रल रामगढ़ की ओर से प्रेसिडेंट विशाल बासुदेव के नेतृत्व में अरगड्डा के नव प्राथमिक विद्यालय झोपड़ी, और नव प्राथमिक विद्यालय नीचे घोड़ा में आरसीसी के साथ स्कूल के बच्चों के बीच छाता का वितरण किया गया। मौके पर प्रेसिडेंट विशाल बासुदेव ने कहा कि बारिश के मौसम में बारिश के चलते बच्चे भीग कर स्कूल आने से उनकी तबीयत खराब हो जाती है। फलतः उनके पढ़ाई का नुकसान होगा। इसलिए हमलोगों ने क्लब के माध्यम से सभी बच्चों को छाता प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों स्कूल में मेडिकल चैकप कैंप और पुस्तक, कॉपी, पेंसिल, बैग प्रदान की जाएगी। श्वेता सिन्हा ने कहा कि बच्चों में जागरूकता प्रोग्राम जरूर किया जाए। यह बहुत ही जरूरी है। आरसीसीए के प्रेसिडेंट सैयद इम्तियाज अहमद और सचिव मो इकबाल की टीम ने जिस तरह से मेहनत की वह काबिल तारीफ है। गौतम जलान ने कहा कि आरसीसी के साथ आगे भी कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में सचिव प्रेम नाथ तिवारी, अरुण अग्रवाल, अजय जैन, विवेक अजमेरा, मोनिका बासुदेव, श्वेता सिन्हा, गौतम जलान, सैयद इम्तियाज, मो इकबाल, सैयद सरफराज, वारिस हुसैन, गोपाल ठाकुर, किशुन महतो, मुमताज अहमद, इम्तियाज खान, गुलाम अली, अल्ताफ हुसैन, मो हारून, रोहित तिवारी उपस्थित थे।

## 10 घंटे हजारीबाग-टंडवा पथ रखा जाम, लोगों की बढ़ी परेशानी

- **सीबी कोल माइंस के समीप बैरियर के पास मंगलवार की रात आठ बजे हाइवा ओनर पहुंचे थे. जहां उनके साथ पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के समर्थकों ने मारपीट की.**

**केरेडारी।** हाइवा मालिकों के साथ मारपीट के आरोप में हाइवा ओनर संघ ने केरेडारी कृषि फार्म मैदान के पास बुधवार को दिन के 10 बजे से शाम सात बजे तक 10 घंटे हजारीबाग-टंडवा मुख्य मार्ग को जाम रखा. संघ के लोग पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे. उनका कहना था कि सीबी कोल माइंस के समीप बैरियर के पास मंगलवार की रात आठ बजे हाइवा ओनर पहुंचे थे. जहां उनके साथ पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के समर्थकों ने मारपीट की. इसलिए दो दिन के अंदर पूर्व मंत्री को गिरफ्तार कर हाइवा का परिचालन शुरू कराया जाये. इधर, केरेडारी स्थित जामस्थल पर पहुंचे बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार ने दोषी लोगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, इसके बाद जाम हटा. इस दौरान केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार, पगार ओपी प्रभारी दिनेश कुमार मंडल, जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार, कुंवर साव, प्रदीप महतो, प्रेमचंद महतो, बैजनाथ महतो, सुरेश साव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे.

### विवि में एंटी-रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत हुआ रैली का आयोजन

# रैगिंग एक अपराध है :कुलपति

नवीन मेल संवाददाता

